



# तरुण छत्तीसगढ़






e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 36 अंक 130 | कोरबा, सोमवार , दिनांक 10 फरवरी 2025 डाक 11 फरवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
नीदरलैंड निवास में मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान ट्यूलिप गार्डन - मिनी केउकेनहोफ़ - में पूरी तरह से खिले हुए ट्यूलिप



**देश-विदेश**
कौन बनेगा दिल्ली का नया मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय समीकरण या नए चेहरे पर लगेगी मुहर



**फीचर**
टमाटर किसे नहीं खाने चाहिए? ये 5 लोग भूलकर न लगाएं हाथ



## संगम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लगाई पवित्र डुबकी, प्रवासी पक्षियों को खिलाया दाना





**प्रयागराज, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महाकुंभ मेले के दौरान त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान किया। पवित्र स्नान के बाद उन्होंने पूजा-अर्चना की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। इससे पहले, भारत की प्रथम नागरिक, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीर्थराज कुंभ नगरी प्रयाग में आगमन पर प्रयागराज के प्रथम नागरिक महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने प्रयागराज महानगर की चाबी भेंट कर उनका स्वागत किया ।

प्रयागराज में पवित्र स्नान करने के बाद तेलंगाना के मंत्री और कांग्रेस नेता कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने कहा कि ...मैं यहां आकर धन्य महसूस कर रहा हूं। यह अवसर 144 साल बाद आया है। उत्तर प्रदेश सरकार ने बहुत अच्छे इंतजाम किए हैं। भगदड़ में कुछ लोगों की मौत हो गई, मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि उनकी आत्मा को शांति मिले... राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्रिवेणी संगम पर प्रवासी पक्षियों को दाना खिलाया। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल भी मौजूद हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रयागराज पहुंच चुकी हैं। वीआईपी घाट पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम है। आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू स्नान करेंगी। सुबह से ही बड़ी संख्या में महाकुंभ में श्रद्धालु पहुंचने लगे हैं। संगम की ओर जाने के लिए लंबी लाइन लगी हैं। तो वहीं सुबह 3 बजे से स्नान जारी है। श्रद्धालु बोले कि एक घंटे में लेटे हनुमान जी के दर्शन हो रहे हैं।

वहीं महाकुंभ में 10 फरवरी 2025 को सुबह आठ बजे तक कल्पवास में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु और वहीं 36.19 लाख यात्री पहुंचे। आज सुबह आठ बजे तक 46.19 लाख श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। वहीं बीती 9 फरवरी तक 43.57 करोड़ से ज्यादा लोग संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। प्रयागराज में संगम स्नान के लिए श्रद्धालु आगे बढ़ रहे हैं। आज भी सुबह तीन बजे से ही स्नान जारी है। वहीं प्रयागराज आने और जाने वाले रास्तों पर जाम की समस्या है। लोगों को मिनटों की दूरी घंटों में तय करनी पड़ रही है।

### *स्टेशन बंद, गाड़ियों की एंट्री पर पाबंदी, रास्ते से लौटाए जा रहे लोग... महाकुंभ की भीड़ से प्रयागराज में त्राहिमाम*

*प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। भीड़ को देखते हुए प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है। इसके चलते बॉर्डर जिले से लोगों को लौटाया जाने लगा है। वहीं, प्रयागराज के संगम स्टेशन को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है।*

## परीक्षा पे चर्चा में पीएम ने दिया एग्जाम प्रेशर से लड़ने का गुरु मंत्र, किताबी कीड़ा न बनने की सलाह

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में परीक्षा पे चर्चा 2025 प्रोग्राम सुबह 11 बजे से स्टार्ट होने वाला है। परीक्षा पे चर्चा का यह आठवां संस्करण है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही इस चर्चा में सद्गुरु, मैरी कॉम, दीपिका पादुकोण, अवनि लेखरा, रुजुता दिवेकर, विक्रांत मैसी, भूमि पेडनेकर, टेक्निकल गुरुजी सहित अन्य हस्तियां भी इस प्रोग्राम में शामिल होकर स्टूडेंट्स को टिप्स देंगे। इस प्रोग्राम के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। शिक्षा विभाग की ओर से स्कूलों में प्रधानमंत्री के इस संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में छात्र पीएम मोदी के साथ ही अन्य हस्तियों से भी बेहतर पढ़ाई के टिप्स प्राप्त कर सकेंगे। मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन की ओर से एक आर्टिकल शेयर करते हुए बताया गया है कि माता पिता अपने बच्चों पर अपने सपनों को न थोपें। सपने खुद बच्चे को चुनने दें। पीएम मोदी ने एग्जाम प्रेशर से लड़ने के लिए पुराने प्रश पत्रों को हल करने की सलाह दी है। इससे आप समय पर पेपर हल करने की गुण सीखेंगे और इससे एग्जाम के समय प्रेशर भी कम होगा। पीएम मोदी ने किसी भी चीज को आत्मसात करने के टिप्स दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी बात को पहले सुनें, उसके बाद उसपर क्वेश्चन करें और उसके परिणाम सोचें, अब उसको अंडरस्टैंड करें और अंत में उसको खुद पर अप्लाई करें। पीएम मोदी ने डिप्रेशन से लड़ने के लिए छात्रों को गुरु मंत्र दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिप्रेशन से लड़ने के लिए घर में सभी से लगातार बातचीत करने की सलाह दी है। पीएम ने कहा कि अक्सर बच्चे जब बड़े हो जाते हैं तो वे अपने माता पिता से बातें छिपाने लगते हैं, उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए और लगातार अपनी बातें शेयर करते रहें जिससे वे कभी भी डिप्रेशन का शिकार नहीं होंगे। पीएम मोदी ने एक किस्सा शेयर करते हुए बताया कि



हर स्टूडेंट्स के पास एक विशेष टैलेंट होता है। हो सकता है जो स्टूडेंट्स पढ़ाई में थोड़ा वीक हो लेकिन हो सकता है उसमें कोई और टैलेंट छुपा है। टीचर्स को उस टैलेंट को पहचान कर आगे बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों को किताबी कीड़ा न बनने की सलाह दी है। पीएम मोदी ने बच्चों को बताया कि वे पढ़ाई करें लेकिन किताबी कीड़ा न बनें। जो पसंद है उसको लेकर पैशन दिखाएं और आगे बढ़ें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर से आये अलग अलग राज्यों से आये छात्रों से बात कर रहे हैं। बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी एजुकेशन के अलावा व्यवहारिकता का ज्ञान भी दे रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टूडेंट्स संग परीक्षा पे चर्चा 2025 की शुरुआत कर दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसकी शुरुआत स्टूडेंट्स को तिल के लड्डू खिलाकर की है।

## सीएम देवेंद्र फडणवीस ने मनसे प्रमुख राज ठाकरे से उनके घर पर की मुलाकात



**मुंबई 10 फरवरी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे से उनके आवास पर मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद देवेंद्र फडणवीस की राज ठाकरे से यह पहली मुलाकात है। हालांकि, यह पता नहीं चला है कि दोनों नेताओं के बीच क्या बातचीत हुई। ऐसी संभावना है कि राज ठाकरे और भाजपा स्थानीय चुनाव में साथ आ सकते हैं। भाजपा विधान परिषद के सदस्य प्रसाद लाड के मुताबिक, राज ठाकरे ने सीएम फडणवीस को मुंबई के दादर इलाके में शिवाजी पार्क के पास स्थित अपने आवास पर आमंत्रित किया था। हालांकि, लाड ने इस मुलाकात के संबंध में और कोई जानकारी नहीं दी। ज्ञात हो कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद राज ठाकरे ने भी ईवीएम पर सवाल उठाया था। जबकि, उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को समर्थन दिया था। हालांकि, राज ठाकरे की पार्टी ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार खड़े किए थे। उनकी पार्टी का कोई भी उम्मीदवार चुनाव जीत नहीं पाया था।

## करोड़ों की कंपनी के मालिक को नाती ने चाकू से गोदा, 70 बार किया वार



**नई दिल्ली।** हैदराबाद से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक नाती ने ही अपने नाना की 70 बार चाकू से वार करते हुए बेरहमी से हत्या कर दी। जानकारी के मुताबिक नाना ने कंपनी का डायरेक्टर बनने को लेकर हुए विवाद के बाद ऐसा किया। इस दौरान बेटे को रोकने की कोशिश में मां भी घायल हो गई। पुलिस ने बताया कि, 28 वर्षीय कीर्ति तेजा ने संपत्ति को लेकर तीखी बहस के बाद गुरुवार आधी रात को अपने दादा वीसी जनार्दन राव को चाकू मार दिया।

## बांग्लादेश को चुभ गई भारत की बात, आखिर बुलडोजर एक्शन पर क्यों आगबबूला हुए मोहम्मद यूनुस

**ढाका, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

बांग्लादेश में हिंसा को लेकर अंतरिम पीएम मोहम्मद यूनुस हमेशा से सवालों के घेरे में रहते हैं। अब बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान के आवास को ध्वस्त करने को लेकर भारत ने कड़े सवाल किए हैं, जिसपर यूनुस सरकार को मिर्ची लग गई है। दरअसल, भारत ने शेख मुजीबुर रहमान के ऐतिहासिक आवास को तोड़ने पर दुख व्यक्त करते हुए घटना की निंदा की थी। भारत की इस बात पर मोहम्मद यूनुस आगबबूला हो गए। बांग्लादेश ने इस घटना पर भारत की टिप्पणी को गलत और अनुचित बताया। बांग्लादेश सरकार ने इसे आंतरिक मामला बताते हुए किसी देश को टिप्पणी न करने की बात कही।



बांग्लादेश में कई दिनों से एक बार फिर हिंसा भड़की हुई है। हजारों प्रदर्शनकारियों ने शेख मुजीबुर रहमान के 32 धानमंडी स्थित ऐतिहासिक आवास को आग के हवाले कर तोड़ डाला। प्रदर्शनकारियों का मन इतने तक से नहीं भरा, भीड़ इसके बाद रहमान के घर पर बुलडोजर ले आई और उससे हमला किया। रहमान ने इसी आवास से बांग्लादेश का मुक्ति संग्राम शुरू किया था।

## निकाय चुनाव, कल वोटिंग कराने मतदान दल रवाना

**रायगढ़।** जिले में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। मतदान प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए केआईटी कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है, जहां से सोमवार को कड़ी सुरक्षा के बीच मतदान दलों को रवाना किया गया। चुनाव प्रक्रिया के तहत रायगढ़ जिले में कुल 265 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जबकि नगर निगम क्षेत्र में 172 पोलिंग बूथ तैयार किए गए हैं। सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव सामग्री का वितरण सोमवार सुबह ही कर दिया गया, जिससे मतदान कर्मियों को किसी तरह की असुविधा न हो। इस चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए लगभग 4,500 अधिकारी और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## एक के बाद एक टकराए तीन वाहन, 3 लोगों की मौत

**सोलापुर 10 फरवरी।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मोहोल तालुका में एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है, जिसमें तीन गाड़ियां एक-एक कर टकरा गईं। यह घटना सोलापुर पुणे हाईवे पर कोलेवाड़ी के पास हुई। एक ट्रक, मिनी बस और एक दोपहिया वाहन इसमें शामिल थे। जानकारी के मुताबिक, ट्रक और दोपहिया वाहन के बीच टक्कर के बाद ट्रक गलत साइड में चला गया और मिनी बस से टकरा गया। इस टक्कर के कारण मिनी बस पलट गई। हादसे में बाइक सवार दयानंद भोसले, मिनी बस ड्राइवर लक्ष्मण पवार और एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, 15 लोग घायल हो गए, जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह दुर्घटना उस समय हुई जब श्रद्धालु तुलजापुर में देवदर्शन के लिए जा रहे थे।

## महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई

### 3 लोगों की मौके पर मौत, 4 घायल



**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग से बेहद दर्दनाक सड़क हादसे की खबर सामने आई है। कुंभ स्नान करके रांची लौट रही एक टाटा सूमो सोमवार को चरही में एक खड़े ट्रक से टकरा गई, जिससे तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा चरही एनएच-33 पर बिरसा मैदान के पास स्थित तीखे मोड़ पर हुआ, जब टाटा सूमो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराई। मृतकों और घायलों की पहचान रांची के बेड़ों क्षेत्र के निवासियों के रूप में हुई है। स्थानीय पुलिस और राहगीरों की मदद से घायलों को तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना सुबह करीब 6.00 की है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि दुर्घटना ड्राइवर की लापरवाही से हुई या सड़क किनारे खड़े ट्रक के कारण। मृतकों के नाम का पता अभी नहीं चल सका है।

## पीएम मोदी से मुलाकात से पहले बड़ी घोषणा करेंगे ट्रंप, कई देशों को लगेगा झटका

**नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।**

प्रधानमंत्री नरेंद मोदी 12 और 13 फरवरी को अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान पीएम मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुलाकात भी होगी। इन दोनों बड़े नेताओं के बीच होने वाली मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है क्योंकि, ट्रंप ने पारस्परिक टैरिफ की शुरुआत करने की घोषणा की है। पीएम मोदी की अमेरिकी यात्रा से ठीक पहले डोनाल्ड ट्रंप पारस्परिक टैरिफ को लेकर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सकते हैं। भारत के लिए ट्रंप की इस टैरिफ नीति में काफी कुछ दांव पर लगा है।इस बारे में ट्रंप ने बताया था, मैं अगले सप्ताह पारस्परिक ट्रेड पर टैरिफ की घोषणा करूंगा, जिससे हम सभी देशों के साथ समान व्यवहार रख सकें। हम इससे न अधिक चाहते हैं और न ही इससे कम। एक रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने शुक्रवार को जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा के साथ एक बैठक की थी। इसी दौरान ट्रंप ने पारस्परिक टैरिफ की घोषणा की थी और कहा था कि, इस कार्रवाई से सभी प्रभावित होंगे। हालांकि, अपनी बातों से उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया था कि वो क्या उपाय करने की योजना पर काम कर रहे हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने टेस्ला के सीईओ एलन मस्क को अपने प्रशासन में शामिल किया है। ट्रंप ने कहा कि आयात की जाने वाली ऑटोमोबाइल पर अतिरिक्त टैरिफ लग सकता है। अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि जब ट्रंप इसकी घोषणा करेंगे तो इसका असर भारतीय इक्विटी और करेंसी मार्केट पर पड़ सकता है। ऐसा भी अनुमान लगाया जा रहा है कि निवेशक इससे जरूर प्रभावित होंगे। भारत फोर्ज, संवर्धन मदरसन और एमएम फोर्जिंग्स कुछ लिस्टेड कंपनियां हैं जो नॉर्थ अमेरिकी ऑटो मार्केट में क्लास 8 ट्रकों की सप्लाई करती है। ट्रंप द्वारा ऑटोमोबाइल पर टैरिफ लगाए जाने के बाद ये कंपनियां निश्चित तौर पर प्रभावित होंगी।












## आकाश गुरुदीवान बने ग्रैंड फिनाले गाला फाइट के रेफरी

# किक बॉक्सिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 19 मेडल जीते खिलाड़ियों ने

**कोरबा।** चौथी वाको इंडिया ओपन इंटरनेशनल किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के तत्वाधान में के डी जाधव इनडोर स्टेडियम नई दिल्ली में दिनांक 1 से 5 फरवरी 2025 तक किया गया। प्रतियोगिता में भारत देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही ग्रेट ब्रिटेन, कजाकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, तजाकिस्तान, नेपाल, इस्टोनिया, फिनलैंड, स्विट्ज़रलैंड, क्रोटिया, आयरलैंड के 547 खिलाड़ीयो एवं 160 ऑफिसियल ने किकबॉक्सिंग की सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट,किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन , म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स के 849 इवेंट्स में हिस्सा लिया। छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा, संस्थापक तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता राज्य के कैडेट, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के 14 खिलाड़ियों ने विभिन्न वजन वर्गो में हिस्सा लिया। जिन्होंने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण, 8 रजत तथा 8 कांस्य सहित कुल 19 पदक जीते। कोरबा जिले के सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी कोरबा के खिलाड़ियों ने 2



स्वर्ण एवं 4 रजत सहित कुल 6 पदक जीतकर जिले,राज्य एवं देश को गौरवान्वित किया है। प्रतियोगिता के दौरान किकबॉक्सिंग की अंतराष्ट्रीय संस्था वाको (वर्ल्ड एसोसिएशन ऑफ किकबॉक्सिंग आर्गेनाइजेशन) के अध्यक्ष राय बेकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल, सचिव अभिषेक जैन, वाको तकनीकी निदेशक रोमियो देसा, यूरी लैक्टोविक, प्रतियोगिता की ब्रांड एंबेसडर बालीवुड एवं दक्षिण भारत की एक्ट्रेस तथा पूर्व अंतराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग खिलाड़ी रितिका सेन, विभिन्न देशों के अंतराष्ट्रीय रेफरी, छत्तीसगढ़ किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव आकाश गुरुदीवान, विभिन्न राज्य प्रतिनिधि, बोर्ड मेंबर्स,प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे। राज्य के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगनलाल मूंदड़ा, क्रीड़ा भारती के प्रांत मंत्री सुमित उपाध्याय कोरबा के अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा, ओलंपिक एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, सीएमए किकबॉक्सिंग एकेडमी की संचालिका प्रीती मिश्रा एवं खेलप्रेमियों ने सभी खिलाड़ियों,उनके प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है।



### चोटिया खदान के डंपिंग क्षेत्र में पहुंचा हाथियों का दल,ग्रामीणों में फैली दहशत,हरकत में आया वन विभाग

**कोरबा।** कोरबा के कटघोरा वनमंडल में हाथियों की मौजूदगी ने सभी को परेशान कर रखा है। केंदई रेंज के चोटिया खदान डंपिंग के पास हाथियों के झुंड को देखकर हड़कंप मच गया। जंगली हाथियों की भीड़ को देखकर ग्रामीण सहम गए। सूचना मिलने के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों को खदेड़ने के प्रयास में जुट गई है।कोरबा के कटघोरा वनमंडल में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। ग्रामीणों के साथ ही वन विभाग के लिए हाथी किसी नासूर से कम नहीं है। रिहायशी ईलाके में जंगली हाथियों के पहुंचने से समस्या काफी बढ़ जाती है। ऐसा ही कुछ एक बार फिर से हुआ। केंदई रेंज के चोटिया ईलाके में हाथियों का दल अचानक पहुंच गया। खदान डंपिंग के पास हाथियों को देखकर ग्रामीण सहम गए। हाथियों के कारण दहशत से भरे ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्हें खदेड़ने में जुट गई। हाथियों के कारण फिलहाल किसी तरह की जनहानी की सूचना नहीं है।

## माघ पूर्णिमा से पहले हनुमानगढ़ी में बढ़ गई श्रद्धालुओं की संख्या




**कटघोरा।** नगर की चकचकवा पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी का आकर्षण शीत ऋतु में और भी निखर गया है। प्रकृति की हरीतिमा इस स्थान को पहले से ही लोकप्रिय बना चुकी है और अब नेशनल हाईवे पर इसकी स्थिति आने के साथ इसका दायरा और ज्यादा बढ़ता जा रहा है। विभिन्न राज्यों के लोगों की पहुंच धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन के लिए यहां लगातार हो रही है।

हनुमानगड़ी नामक स्थान की प्राचीनता के बारे में स्पष्ट जानकारी तो नहीं है लेकिन स्थाई लोगों का कहना है कि जब से यह नगर अस्तित्व में आया है तब से यहां की भौगोलिक संरचना में हनुमानगढ़ शामिल है। कई प्रकार की चट्टानों की उपस्थिति में काफी ऊंचाई पर श्री राम और हनुमान के प्राचीन मंदिर हैं। यहां पर एक स्थान पर दो पैरों के निशान बने हुए हैं। जिनके बारे में की बदलती है कि महाभारत काल में वनवास के समय भीम अपने भाइयों के साथ यहां पहुंचे थे।

कोरबा जिला गठन के बाद इस स्थान को विकसित करने के लिए काफी प्रयास किए गए । कटघोरा में नागरिकों की एक समिति ने इस स्थान को पहचान देने के लिए जरूरी पहल की और इस दिशा में कई प्रकार से प्रयत्न किया। कालांतर में अशोक अग्रवाल की कलेक्टर के रूप में पद स्थापना होने पर हनुमानगढ़ को नया स्वरूप देने के लिए कई प्रकार के काम कराए गए हनुमानगढ़ में श्री राम का भव्य मंदिर बनाया गया और शिव पंचायतन की भी व्यवस्था की गई ।कटघोरा अंबिकापुर मार्ग पर बाय पास के नजदीक पहाड़ी पर स्थित हनुमानगढ़ी समय के साथ एक विशिष्ट स्थान बन चुका है। पहाड़ी से कटघोरा नगर और आसपास का नजारा लोगों को काफी आकर्षित करता है। छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से कई प्रकार के कार्यों को करने की आवश्यकता यह यहां के लोग महसूस कर रहे हैं। लोगों का कहना है कि पर्यटन की असीम संभावनाएं इस इलाके में मौजूद है इसलिए इस पर विचार करने के साथ विभिन्न कार्यों को क्रियान्वित कराया जाना चाहिए।

## काम के दबाव से जूझ रहे पुलिस कर्मी, अवकाश का मुद्दा अटका

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ में पुलिस कर्मियों की अवकाश व्यवस्था को लेकर लंबे समय से मांगें उठ रही हैं, लेकिन अभी तक ठोस समाधान नहीं निकला है। पुलिस की सेवा को अत्यंत आवश्यक श्रेणी में रखा गया है, जिससे उनके कार्य का दबाव और जिम्मेदारियां अन्य विभागों के मुकाबले अधिक होती हैं। अनुशासन और तत्परता इस सेवा के मूल स्तंभ हैं, लेकिन इससे जुड़े कर्मियों के पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन पर भी असर पड़ता है।सरकार द्वारा सप्ताह में एक दिन का अवकाश देने की घोषणा की गई थी, ताकि पुलिसकर्मी अपने परिवार और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन कर सकें। हालांकि, यह योजना अभी तक पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष है।

इसके अलावा, 16 दिनों के आकस्मिक अवकाश का प्रावधान होने के बावजूद, कई बार व्यावहारिक कारणों से पुलिस कर्मी इसका लाभ नहीं ले पाते। इससे उनकी मानसिक और शारीरिक थकान बढ़ती है। पुलिस कल्याण बोर्ड ने भी इस विषय पर समय-समय पर सुझाव दिए हैं, लेकिन ठोस नीतिगत सुधारों की कमी अब भी बनी हुई है। पुलिस कर्मियों के लिए नियमित अवकाश का प्रावधान लागू करना न केवल उनकी कार्यक्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक है, बल्कि इससे उनके पारिवारिक और सामाजिक जीवन में संतुलन भी स्थापित होगा। सरकार और प्रशासन को इस दिशा में जल्द और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है।

## लालच के चक्कर में कई लोगों ने रूपए गवाएं

**कोरबा।** प्रॉपर्टी डेवलपमेंट और शेयर मार्केट में पैसा लगाकर उसे दोगुना करने का झांसा देकर एक युवक ने कई लोगों को करोड़ों रुपए का चूना लगादिया. ठगे गए दिल हरण पटेल परमेश्वर कुर्रे सहित कई लोगों ने एसपी कार्यालय पहुंचकर पीयूष जायसवाल नामक युवक के विरोध प्रॉपर्टी डेवलपमेंट के नाम पर पैसा दोगुना करने का प्रलोभन देकर लगभग डेढ़ करोड़ रुपए ठग लिए जाने का आरोप लगाया। प्रभावित लोगों का आरोप है कि जिले के ही पोड़ी निवासी पीयूष जायसवाल शेयर मार्केट और प्रॉपर्टी डेवलपमेंट के नाम पर लोगों से ठगी करता है। पता चला है कि पीयूष जायसवाल को शेयर मार्केट के नाम पर ठगी करने के मामले में माननीय न्यायालय से राहत मिल गई है लेकिन पीयूष की अवैध हरकतें निरंतर जारी हैं। कुछ दिन पहले पीयूष जायसवाल का मामला उस समय खूब सुर्खियों में आया था जब उसने खुद द्वारा ठगे गए लोगों के मध्य चेक वितरित किया था अब देखना होगा की शिकायत के बाद पीयूष जायसवाल के विरुद्ध पुलिस क्या कार्रवाई करती है

### उडांगी जंगल में पुलिस का बड़ा अभियान: 1,575 लीटर शराब जब्त, 8 गिरफ्तार

**बिलासपुर ।** जिले की सीपत पुलिस ने धौराकोना के उडांगी जंगल में छापेमारी कर 1,575 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की है, जिसकी कीमत 4,72,500 रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई में आठ आरोपी गिरफ्तार किए गए, जो पंचायत चुनाव में शराब सप्लाई करने की योजना बना रहे थे। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34(2) और 34(1)(च) के तहत मामला दर्ज कर सभी आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

एसपी रजनेश सिंह को सूचना मिली कि धौराकोना के उडांगी जंगल में नदी किनारे कुछ लोग अवैध रूप से महुआ शराब बना रहे हैं। यह इलाका कोरबा और जांजगीर-चांपा जिलों की सीमा से लगा हुआ है। एसपी के निर्देश पर सीपत पुलिस ने तीन टीमें बनाकर छापेमारी की। छापामारी के दौरान आरोपी शराब बनाते रंगे हाथों पकड़े गए। शिवकुमार धनवार (195 लीटर), साधराम यादव (210 लीटर), कोंदा कुमार धनवार (210 लीटर), धनीराम धनुहार (150 लीटर), संजू धनवार (210 लीटर), अंजोर कुमार धनवार (195 लीटर), राम लल्ला यादव (180 लीटर) और अवध राम यादव (225 लीटर) शामिल हैं। कार्रवाई को बेहतर ढंग से अंजाम देने के लिए पुलिसकर्मी एनटीपीसी के कर्मचारी और मजदूर के वेश में पहुंचे। जिससे शराब बनाने वाले ग्रामीणों को शक नहीं हुआ।

### रामपुर को साफ सुथरा बनाने के लिए की जा रही कोशिश

**कोरबा।** नगर पालिका निगम के वार्ड क्रमांक 33 रामपुर में साफ-सफाई को लेकर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। क्षेत्र के पूर्व पार्षद पालूराम साहू ने बताया कि कुछ क्षेत्रों में सफाई से जुड़ी समस्याएं बनी हुई थीं, जिनके समाधान के लिए तेजी से काम किया जा रहा है।साहू ने बताया कि विभिन्न स्थानों पर कचरे के अनावश्यक जमाव को रोकने के लिए न केवल सफाई अभियान चलाए जा रहे हैं, बल्कि स्थानीय निवासियों को भी जागरूक किया जा रहा है। लोगों को यह समझाया जा रहा है कि कचरा फैलाने से क्षेत्र की स्वच्छता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके साथ ही, ऐसी स्थितियों में सख्ती बरतने और सफाई की निगरानी वाले तंत्र को अधिक प्रभावी बनाने की चेतावनी भी दी गई है। यह भी कहा कि नगर निगम की ओर से सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं ताकि क्षेत्र को स्वच्छ और स्वस्थ बनाया जा सके।

### 20 से ज्यादा बीमार लोगों का उपचार जारी

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में महुआ शराब पीने से 7 लोगों की मौत हो गई। जबकि, 20 से अधिक लोग बीमार हैं और 4 लोगों की हालत गंभीर है। इन सभी का इलाज सिम्स में जारी है। वहीं आशंका जताई जा रही है ।

### कलेक्टर-एसपी पहुंचे रतनपुर और कोटा

**बिलासपुर।** नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई है। इस सिलसिले में आज कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने रतनपुर और कोटा में बनाए गए स्ट्रांग रूम पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आज कोटा ब्लॉक के सचिव और कोटवार की बैठक लेकर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान तैयारियों की समीक्षा की। कोटा ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 23 फरवरी को होना है। उन्होंने निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशों के अनुरूप तमाम तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एसडीएम एस.एस. दुबे, जनपद सीईओ युवराज सिन्हा और तहसीलदार भी इस अवसर पर उपस्थित थे ।कलेक्टर-एसपी ने सबसे पहले रतनपुर के शहीद नूतन सोनी स्कूल में बनाए गए स्ट्रांग रूम, सामग्री वितरण और वापसी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम और सहायक रिटर्निंग अधिकारी से की गई तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने यहां रूट व्यवस्था, मतदान केन्द्रों सहित अन्य जानकारी ली। मतदान दलों के प्रवेश उनकी वाहन व्यवस्था, बैठक व्यवस्था, सामग्री वितरण के लिए बनाए जाने वाले काउंटर आदि का अवलोकन कर जरूरी निर्देश दिए। कलेक्टर ने यहां सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने कहा जिससे मतदान दल आसानी से सामग्री लेकर रवाना हो सके। नगर पालिका परिषद रतनपुर में कुल 15 वार्ड हैं और यहां मतदान केन्द्रों की संख्या 29 है। इसके बाद कलेक्टर-एसपी ने कोटा जनपद पंचायत सभाकक्ष में सचिवों और कोटवारों की बैठक लेकर मतदान की तैयारियों की समीक्षा की।

## कुसुम को नेतृत्व करने का अवसर दिया लोगों ने पहली बार

**कोरबा।** चुनाव को लेकर भले ही शहरी क्षेत्र में टकराव से लेकर प्रतिद्वंदिता हावी रहती है लेकिन ग्रामीण क्षेत्र इस मामले में बहुत आगे निकल चुके हैं। सक्ती जिले के मांजरकुद के लोगों ने ग्राम पंचायत के सभी वार्ड और सरपंच पद पर महिलाओं का निर्विरोध निर्वाचन कर एक अच्छा उदाहरण प्रस्तुत किया है। ग्रामीणों के इस सामूहिक फैसला से इस पंचायत में मतदान की स्थिति नहीं बन सकी और इसके चलते निर्वाचन आयोग की काफी धनराशि की बचत हुई है।।

डभरा ब्लॉक अंतर्गत बौराई नदी और महानदी के बीच में बसा टापूनुमा ग्राम मांजरकुद चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि इन्होंने जो महिला हक अधिकार के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है। औसत साक्षरता के मामले में इस गांव में लोग कम शिक्षित है। रोजी मजदूरी करने वाले आबादी ग्राम में प्रथम बार पंचायत बनने के पश्चात सभी पंचों और सरपंच को महिला निर्विरोध निर्वाचित किया है।

इस निर्णय का मूर्त रूप देना आसान नहीं था, क्योंकि पंच,सरपंच बनने की इच्छा कई लोगों के मन में थी। इसके लिए ग्राम के बुजुर्ग लोगों ने आपस में बैठक की और महिलाओं को अधिकार दिलाने के बारे में सहमति बनाई और आखिरकार इस पर क्रियान्वयन हो गया। नवनिर्वाचित सरपंच कुसुम माली ने बताया कि ग्राम के लोगों ने उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी है, और उन्हें खुशी है कि उनके साथ देने वाली सभी पंच भी महिलाएं हैं वह ग्राम के विश्वास पर खरा उतरेंगे। पंच चुनकर आई कमला यादव का कहना है कि जिस तरह से वह अपने घर परिवार का भरण पोषण करती हैं,अपने परिवार को संभालती संवारती हैं इस तरह से हुए अब ग्राम पंचायत में भी अपने जिम्मेदारी निभाएंगे। कोटवार जीरालाल माली ने कहा कि यह प्रस्ताव शुरू में उनके द्वारा रखा गया कि क्यों ना इस बार ग्राम की कमान महिलाओं को सौंपा जाए और उनके इस निर्णय को मूर्त रूप देने के लिए ग्राम के सभी वर्ग और जाति के लोगों ने सहमति दी।

माजरकुड़ के पंचायत घटित होने के बाद पहले चुनाव में जिस प्रकार से लोगों ने सामूहिक एकता का परिचय देते हुए सरपंच और पंचों को निर्विरोध निर्वाचित किया है वह बिल्कुल अलग उदाहरण को प्रस्तुत करता है। उम्मीद करना होगा कि क्षेत्र के विकास के मामले में यह सभी निर्वाचित प्रतिनिधि अपनी बेहतर भूमिका निभाएंगे।

### मतदाता की पहचान के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों की मान्यता

**बिलासपुर ।** नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन हेतु मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किया गया है। मतदाता को इनमें से कोई एक दस्तावेज मतदान केंद्र पर दिखाना होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदाय किया गया मतदाता पहचान पत्र, बैंक, डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र पैन कार्ड, आधार कार्ड, राज्य,केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्रायविंग लायसेंस, स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौंसिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस एवं छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसईसी ईआर जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है।

## जिस विषय में कम अंक मिले, उस पर विद्यार्थी करें फोकस:हेमंत माहुलीकर

**कोरबा।** आगामी दिनों में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल और सीनियर सेकेंडरी बोर्ड आफ एजुकेशन की परीक्षाएं प्रारंभ होने जा रही है । विद्यार्थी इसकी तैयारी में लगे हुए हैं । परीक्षा को लेकर सेवानिवृत्त व्याख्याता हेमंत माहुलिकर ने कई अच्छे टिप्स विद्यार्थियों को दिए हैं ताकि परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर सकें माहुलिकर ने बताया कि साधारणतः सभी विषयों का सम्पूर्ण पाठ्यक्रम का अध्यापन जनवरी तक पूर्ण हो जाता है । प्री-बोर्ड पश्चात् विद्यार्थी को परीक्षा की अंतिम तैयारी दो भागों में करनी चाहिए ।एक परीक्षा प्रारंभ होने से पहले दूसरी परीक्षा के दौरान ।

राज्य शिक्षा अलंकरण से सम्मानित हेमंत ने बताया कि परीक्षा से पहले प्री-बोर्ड में प्राप्त अंकों को ध्यान में रखते हुए किसी विषय के उन भागों की विस्तृत तैयारी करें जिसमें आपको अंक हासिल नहीं हुये हों या कम हुये । इस तैयारी के दौरान पढ़ने के साथ साथ लिखकर देखना अधिक उपयोगी होता है । परीक्षा के दौरान जो पेपरों में गैप होता है उसमें लघु उत्तरीय प्रश्नों की तैयारी के साथ साथ महत्वपूर्ण प्रश्नों



(जिन्हें शिक्षक ने परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताया था ) को लिखकर तैयार करना उचित होता है । किसी विषय में विद्यार्थी शत प्रतिशत अंक प्राप्त करता है तो इस सफलता में विद्यार्थी की बुद्धिमत्ता और मेहनत भी शामिल होती है लेकिन यदि किसी शिक्षक के विषय में कक्षा के सभी विद्यार्थियों को सफलता हासिल होती है तो यह शिक्षक की मेहनत का नतीजा कहलाता है । इसलिए हर विषय शिक्षकों से भी आग्रह है कि प्री-बोर्ड परीक्षा के बाद कमज़ोर विद्यार्थियों को आप विशेष मार्गदर्शन दें ताकि आपके विषय का शत-प्रतिशत परिणाम आये । अंतिम 10/15 दिवसों की तैयारी हेतु कमज़ोर विद्यार्थियों के लिए सम्पूर्ण पाठ्यक्रम में से ऐसा सरल भाग निकालकर उसकी तैयारी करने का आग्रह करें जिसमें से प्रश्न पूछे ही जाते हैं ।

ऐसा करने से कमज़ोर विद्यार्थी को परीक्षा के पूर्व सम्पूर्ण पाठ्यक्रम की तैयारी का भार महसूस नहीं होता और विद्यार्थी उस सरल भाग का अध्ययन कर उत्तीर्ण होने लायक अंक प्राप्त करने का भरपूर प्रयत्न करता है ।

## श्रमिकों को मतदान करने मिलेगा सवैतनिक अवकाश, आदेश जारी

**बिलासपुर ।** नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के दिन संबंधित क्षेत्र में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। श्रमिकों और निजी क्षेत्र में कार्यरत मजदूरों और कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। उन्हें इस दिन का वेतन भी मिलेगा। स्थानीय निकाय का मतदान इस बार 11, 17, 20 एवं 23 फरवरी को हो रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर श्रम विभाग ने इस आशय के आदेश जारी किए हैं। उल्लेखनीय है कि बिलासपुर में नगरीय निकाय के महापौर, अध्यक्ष एवं पार्षद हेतु 11 फरवरी को मतदान एवं त्रिस्तरीय पंचायत के तहत जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच एवं पंचों हेतु 17, 20 एवं 23 फरवरी को मतदान होगा। सहायक श्रम आयुक्त ज्योति शर्मा ने बताया कि नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव में घोषित तिथि अुनसार जिले में स्थित समस्त कारखानों, दुकानों एवं समाचार पत्र संस्थानों में इस दिन अवकाश रहेगा। कारखाना अधिनियम 1948 एवं छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1953 के अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा इस दिन को अवकाश घोषित किया गया है। ऐसे बहुत से मतदाता छत्तीसगढ़ राज्य के अन्य जिले एवं बिलासपुर जिले के निवासी है, जो बिलासपुर जिले में स्थित निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कारोबार, व्यवसाय में नियोजत है, ऐसे नियोजित एवं कार्यरत श्रमिकों को मतदान दिवस के दिन सवैतनिक अवकाश दिये जाने के निर्देश दिए गए हैं।

### कलेक्टर-एसपी ने की मतदान तैयारियों की समीक्षा

**बिलासपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह ने मस्तूरी ब्लॉक के सचिव और कोटवार की बैठक लेकर त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए मतदान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने निर्वाचन आयोग की दिशा-निर्देशों के अनुरूप तमाम तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। मस्तूरी ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 17 फरवरी को होने हैं।




## गोधना में राम नाम के भजन के साथ निकाली गई कलश यात्रा

**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना में नवनिर्मित हनुमान की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के लिए कलश यात्रा निकाली गई। यह गांव में हनुमानजी की एकमात्र मूर्ति है, जिसकी ऊंचाई 20 फीट है। यह मूर्ति गांव के हृदय स्थल शासकीय अनुदान प्राप्त संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोधना के समीप स्थित है, जहां गायत्री परिवार के लोगों ने राम नाम का भजन करते हुए कलश यात्रा की शुरुआत की। कलश यात्रा मिलन चौक होते हुए महावीर मोहल्ला, चंडी चौक, अंबेडकर चौक शेरा चौक होते हुए लंकेटर तालाब पहुंची। वहां महिलाओं ने अपने कलश में जल भरा। इसके बाद संतोषी चौक और भाठापारा से होते हुए पुनः प्रतिमा स्थापित स्थल पहुंचीं। कलश यात्रा के बाद लक्ष्मी नारायण साहू सपरिवार द्वारा भक्तों में प्रसाद बांटा गया। जबकि प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा का कार्य सोमवार को किया जाएगा।

## आमनदुला ग्राम पंचायत में चुनाव सरगर्मी बढ़ गई

**आमनदुला।** छत्तीसगढ़ राज्य में नगरीय निकाय चुनाव के साथ साथ त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मौसम चल रहा है। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में 6 फरवरी को नाम वापस लेने के बाद प्रत्याशियों की संख्या व चुनाव चिह्न भी प्राप्त होते ही चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। मालखरौदा विकासखंड के ग्रामों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व परिणाम 20 फरवरी को होगा। आदर्श ग्राम पंचायत आमनदुला में इस पंचायत चुनाव में एससी महिला पद आरक्षित है। चुनाव मैदान में 6 प्रत्याशी के बीच मुकाबला है। सभी के पोस्टर, बैनर, झंडे, दीवाल पेंटिंग गांव की दीवारे अट पड़ गई है। कई प्रत्याशी तो अपने चुनाव चिह्न व अपने नाम से ऑडियो, वीडियो बनवाकर गली गली घूम मचा रहे हैं। ग्राम पंचायत आमनदुला में 18 वार्ड है।इसमें सात वार्ड पंच निर्विरोध चुने गए और 11 वार्डों में टक्कर चल रही है।

## सुरक्षा व्यवस्थाः पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**जांजगीर।** चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को मद्देनजर रखते हुए जांजगीर पुलिस एक्शन मोड में है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा कायम करने के लिए एसपी विवेक शुक्ला के निर्देशन में जांजगीर पुलिस ने जिले में फ्लैग मार्च निकला गया। पुलिस ने फ्लैग मार्च कर यह साफ संदेश दिया कि शांति भंग करने वालों के लिए कोई जगह नहीं है। फ्लैग मार्च की शुरुआत 8 फरवरी को थाना पामगढ़, राहौद, शिवरीनारायण और नवागढ़ तक होते हुए कड़ा पहरा देते हुए फ्लैग मार्च किया। इसी प्रकार 9 फरवरी को थाना चांपा शहर से फ्लैग मार्च करते हुए जांजगीर, अकलतरा शहर में भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप ने फ्लैग मार्च से पहले पुलिस बल को ब्रीफ कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। फ्लैग मार्च निकलती पुलिस।

### शिवरीनारायण में माघी मेला 12 फरवरी से, तैयारी जोरों पर

**शिवरीनारायण।** 15 दिवसीय माघी मेले की शुरुआत 12 फरवरी माघ पूर्णिमा से होगी। भगवान शिवरीनारायण मंदिर की साफ-सफाई कर रंग-रोगन का काम पूरा हो गया है। पूरे मंदिर को आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। गर्भ गृह सहित पूरे मंदिर परिसर को विभिन्न रंग के फूलों से सजाया जा रहा है। माघ पूर्णिमा से महाशिवरात्रि तक चलने वाले माघी मेले की तैयारी तेज हो गई है।

नगर पंचायत द्वारा मेला ग्राउंड व महानदी के घाटों की साफ-सफाई कर चारों ओर लाइटिंग की जा रही है। मेले में विभिन्न दुकानें, मौत कुआं, मीना बाजार, खेल तमाशा, होटल, टूरिंग टॉकीज, आकाश झूला, टोरा टोरा झूला, ब्रेक डांस झूला, रेंजर झूला, ड्रैगन झूला, नाव झूला, सोलंबो झूला, कोलम्बस झूला, बच्चों के विभिन्न तरह के झूले सजने लगे हैं।

**चांपा।** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन कांग्रेस और भाजपा सहित निर्दलीय प्रत्याशियों ने पूरी ताकत झोंक दी।

### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम नवापारा, हल्का नं 14, रा.नि.म.सुकली,तहसील जांजगीर, जिला जांजगीर-चांपा (छ ग़),स्थित कृषि भूमि 592/7 में से 2 डिसमिल, 593/7 में से एक डिसमिल भूमि की खरीदी करने हेतु सौदा कर लिया गया है। उक्त दोनों भूमि स्तुति पाण्डेय पिता देवेंद्र कुमार पांडेय के नाम दर्ज है। जिसे खरीदी कर बयाना राशि प्रदान कर दी गयी है एवं उक्त भूमि का पंजीकृत (रजिस्ट्री) अतिशीघ्र किया जाना है। जिस किसी भी व्यक्ति को उक्त भूमि के विक्रय के संबंध में आपत्ति है तो वह 5 दिवस के भीतर अपना दस्तावेज लेकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर प्रस्तुत कर सकते है। इस समयावधि के पश्चात किया गया दावा, आपत्ति मान्य नही होगा।

**श्रीमती बाई चौहान**
**सिवनी**

## निधन
## राजेंद्र नवल शाह



**जांजगीर नैला।** जांजगीर-चांपा जांजगीर नैला के प्रतिष्ठित नागरिक राजेंद्र नवल शाह का आकस्मिक निधन 07/02/2025 दिन शुक्रवार को सुबह 9.00हो गया जिनकी अंतिम यात्रा वी, आई, पी. सिटी जांजगीर नैला से दोपहर 3ः00 बजे मारवाड़ी मुक्तिधाम नैला ले जाया गया वह प्रकाश शाह के पिता स्वर्गीय कैलाश चंद शाह नथमल शाह कमल चंद शाह के अनुज सतीश शाह शंकर विष्णु मनोज भीम रविंद्र सचिन के चाचा थे वह पुत्र पुत्री सहित भरा पुरा परिवार छोड़कर चले गए उनके अंतिम यात्रा में परिवार के साथ-साथ अग्रवाल समाज के नागरिक एवं पत्रकार बंधु उपस्थित थे मुक्तिधाम में समाज के एवं पत्रकार बंधुओ द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# ओव्हर ब्रिज की कमी से बाराद्वार क्रासिंग पर जाम, जनता परेशान

**बाराद्वार।** शहर के बीच स्थित 328 नंबर रेलवे फाटक पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा रहता है। हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे लोगों को परेशानी हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत स्कूली बच्चों को हो रही है। उन्हें रोजाना रेलवे फाटक पार कर स्कूल जाना पड़ता है। अधिकतर समय फाटक बंद ही मिलता है। इससे वे स्कूल देर से पहुंचते हैं।

बाराद्वार रेलवे फाटक से रोजाना 100 से ज्यादा यात्री और मालगाड़ियां गुजरती हैं। रैक पाइंट में भी रोजाना कई रैक लोड होते हैं। शंटिंग के दौरान हर मालगाड़ी के कारण फाटक करीब आधे घंटे तक बंद रहता है। खुलने के बाद भी आधे घंटे तक जाम लगा रहता है। बार-बार फाटक बंद होने से लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है।

रविवार को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। फाटक के उस पार इतवारी बाजार लगता है। हजारों लोग सब्जी और अन्य सामान खरीदने आते हैं। 9 फरवरी को दोपहर 4.25 बजे तक रेलवे फाटक बंद रहा। दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। फाटक खुलने के 5 मिनट बाद ही फिर से बंद होने का सायरन बज गया। इसी दौरान रायगढ़ की ओर से मेमू लोकल यात्री ट्रेन आती दिखी। लोग घबरा गए। रेलवे ने ट्रेन को आउटर पर रोक दिया था। करीब 15 मिनट की मशक्कत के बाद गेटमैन और स्थानीय लोगों की मदद से भीड़ और वाहनों को हटाया गया।

इसके बाद फाटक क्लियर हुआ। ट्रेन को



आउटर पर रोककर फाटक खाली कराया गया। फिर मेमू लोकल को बाराद्वार रेलवे स्टेशन लाया गया। इससे यात्रियों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी हुई।

हर रविवार पुलिस और आरपीएफ की तैनाती जरूरी रविवार को इतवारी बाजार में भीड़ होती है। इससे रेलवे फाटक पर जाम लग जाता है। कई बार ट्रेन को आउटर पर रोककर भीड़ हटानी पड़ती है। समस्या से निपटने हर रविवार को रेलवे फाटक के दोनों ओर स्थानीय पुलिस, यातायात पुलिस व आरपीएफ जवानों की तैनाती जरूरी है।

## पहचान पत्र दिखाने पर ही डाला जा सकेगा वोट

**जांजगीर-चांपा।** नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन 2025 के लिए मतदान केन्द्र पर मतदाता की पहचान स्थापित करने के लिए 18 प्रकार के दस्तावेजों को मान्य किए है।



दस्तावेजों में क्रमशः भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदान किया गया मतदाता पहचान-पत्र, बैंक/डाकघर फोटोयुक्त पासबुक, पासपोर्ट, आयकर पहचान-पत्र (पेनकार्ड), आधार कार्ड, राज्य/ केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्थानीय निकाय अथवा अन्य निजी औद्योगिक संस्थानों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किए जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, मनरेगा जॉब कार्ड, फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना (स्मार्ट) कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस,स्वतंत्रता सेनानी फोटोयुक्त पहचान-पत्र, केन्द्रीय अथवा छ.ग. राज्य माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी दसवीं एवं बारहवीं की फोटोयुक्त अंकसूची, बार कौशिल द्वारा अधिवक्ताओं को जारी फोटोयुक्त परिचय-पत्र, फोटोयुक्त निःशक्तता प्रमाण-पत्र, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी वैध फोटोयुक्त राशन कार्ड, महाविद्यालय अथवा विद्यालय द्वारा जारी फोटोयुक्त छात्र पहचान-पत्र, फोटोयुक्त शस्त्र लायसेंस, छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा तैयार सॉफ्टवेयर एसइसीइआर द्वारा ऑनलाइन जनरेटेड मतदाता पहचान पर्ची को मान्य किया गया है। मतदाता उपरोक्त में से कोई भी एक फोटोयुक्त पहचान-पत्र मतदान केन्द्र पर लेकर जाएगा और पीठासीन अधिकारी द्वारा पहचान स्थापित की जाएगी।

### प्रयास विद्यालयों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के अधिसूचित क्षेत्रों, आदिवासी उपयोजना क्षेत्र और नक्सल पीड़ित, प्रभावित क्षेत्रों में स्थित शालाओं में संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी को आवासीय विद्यालय में प्रवेश दिया जाएगा। इसमें 8वीं उत्तीर्ण (60 प्रतिशत अंकों सहित) प्रतिभावान विद्यार्थियों को 9वीं से 12वीं तक उत्कृष्ट स्कूली शिक्षा के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर की मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल होने के लिए सघन तैयारी कराई जाएगी। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए राज्य में नवीन बालक एवं कन्या प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित किया जा रहा है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि वर्ष 2025-26 में इन विद्यालयों की 9वीं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in/ PRSMS/Student-Admission- Detail पर मंगाए गए हैं।

## 5 दिवसीय योग शिविर में सिखाए गए प्राणायाम और आसन

**अकलतरा।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय खटोला ने ग्राम महमदपुर में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया। शिविर में डॉ. प्रियंका देवांगन और योग प्रशिक्षक सुगीत पांडेय मौजूद रहे। प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक अनुलोम-विलोम, कपालभाति, प्राणायाम और विभिन्न योग आसनों का अभ्यास कराया गया। आयुर्वेद चिकित्सा विभाग ने शिविर में अंकुरित चना, गुड़, दशमूल और आयुष काढ़ा वितरित किया। समापन समारोह में डॉ. प्रियंका देवांगन ने कहा कि योग भारत की प्राचीन पद्धति है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। इससे शरीर स्वस्थ रहता है और मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कब्ज जैसी बीमारियां नियंत्रित होती हैं। योग को दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के साथ लोगों को इसके प्रति जागरूक करना जरूरी है। योग प्रशिक्षक सुगीत पांडेय ने कहा कि योग से बच्चों की स्मरण शक्ति बढ़ती है। कार्यक्रम में वैभव सिंह, लव कुमार, जाग्रति कंवर, बल्लू कंवर, रुद्राक्ष सिंह, जशवंत सिंह, लल्लू सिंह आदि उपस्थित थे।

## बोलेरो के ड्राइवर को आई झपकी, गाड़ी ट्रेलर से टकराई,4 की मौत

**रायगढ़।** उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के बभनी थाना क्षेत्र में ट्रेलर से बोलेरो की टक्कर हो गई। इसमें महाकुंभ से लौट रहे रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के चार श्रद्धालुओं की मौत हो गई। छह लोग घायल हैं, जिनमें तीन की हालत गंभीर रही है। बभनी के थाना प्रभारी के मुताबिक बोलेरो के ड्राइवर को झपकी आ गई थी। तभी बोलेरो स्टेट हाईवे पर सामने से आ रहे ट्रेलर से जा भिड़ी।

हादसे में बोलेरो को परखच्चे उड़ गए। मारे गए लोगों में सरिया के मानिकपुर गांव के दंपती ठाकुर राम यादव (58) और रुक्मिणी यादव (56) के साथ ही रायगढ़ पुसौर इलाके का बोलेरो ड्राइवर अनिल प्रधान(37) और सूरजगढ़ की लक्ष्मी बाई(30) शामिल हैं। गांव में परिजन से मिली जानकारी के मुताबिक सरिया मानिकपुर और पुसौर सूरजगढ़ के यादव परिवार आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों परिवार के लोगों ने महाकुंभ में जाने के लिए पुसौर के केशपाली के अनिल प्रधान की बोलेरो किराए पर ली थी।

## मवेशियों का ठिकाना लगने से सड़कों पर आवाजाही में समस्या



**बाराद्वार।** चांपा से सक्ती मुख्य मार्ग पर नगरदा की सड़कों पर मवेशियों का कब्जा रहता है, जिसके कारण वाहन चालकों और स्कूल से आने जाने वाले छात्र-छात्राओं को बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

नगरदा के मेन रोड में छात्रावास के सामने हमेशा मवेशी सड़क पर बैठे रहते है और छात्रावास के बगल में ही शासकीय हाई स्कूल और शासकीय कालेज भी स्थित है, जिसके कारण मुख्य मार्ग में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की आवाजाही हमेशा होती है। जिससे सभी को हादसे का डर लगा रहता है। सबसे ज्यादा दिक्कतें रात के समय बाइक चालकों को होती है। आए दिन सड़क पर मवेशी होने के कारण हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दे रहे है, जिसके कारण ग्राम नगरदा की सड़कों पर हमेशा मवेशियों का जमावड़ा लगा रहता है। सड़कों पर इस तरह मवेशियों का रहता है जमावड़ा।

# बिलासपुर में आप और भाजपा कार्यकर्ता भिड़े

### अंतिम दिन भाजपा-कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन; रैली आमने-सामने होने पर हुई धक्कामुक्की-मारपीट

**बिलासपुर।** बिलासपुर में नगरीय निकाय चुनाव का शोर रविवार की शाम थम गया। इससे पहले प्रचार अभियान के अंतिम दिन भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने रैली निकाली। इस दौरान मगरपारा में उनकी रैली आमने-सामने हुई तो कार्यकर्ताओं के बीच धक्कामुक्की और झूमाझटकी शुरू हो गई।

हालांकि, समझाइश के बाद मामला शांत हो गया। दूसरी, तरफ नगर पंचायत बोदरी में आम आदमी पार्टी और भाजपा कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए और एक-दूसरे के साथ मारपीट करने लगे। इस मामले की शिकायत चकरभाठा थाने में की गई है।

दरअसल, चुनाव की अधिसूचना जारी होने और नामांकन पत्र जमा करने की प्रक्रिया पूरी होने के बाद से पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से भाजपा और कांग्रेस के साथ ही राजनीतिक दलों के प्रत्याशी सुबह से लेकर शाम तक ढोल-ताशों के साथ हर वार्ड में प्रचार करने पहुंच रहे थे।

इस दौरान सभी उम्मीदवार अपने पक्ष में माहौल बनाने के लिए रैली और सभा भी लेते रहे। सभी नगर विकास, गंदगी मुक्त वार्ड और जनसुविधाओं में सुधार जैसे मुद्दों पर जोर देकर वोट देने की अपील करते रहे।

**भाजपा की एक तो कांग्रेस की तीन रैली**

चुनावी प्रचार के दौरान कांग्रेस ने भाजपा की तुलना में अधिक रैलियां निकालीं। भाजपा महापौर प्रत्याशी एल. पद्मजा विधानी ने केवल एक बड़ी रैली निकाली, जिसमें प्रदेश के सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। वहीं, कांग्रेस से महापौर पद के उम्मीदवार प्रमोद नायक ने तीन रैलियां निकाली।

इनमें प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अलावा पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया। इन रैलियों के माध्यम से कांग्रेस ने अपने पक्ष में माहौल बनाने की कोशिश की।



चुनाव प्रचार थमने से पहले जमकर हुआ विवाद

चुनाव प्रचार के आखिरी दिन भाजपा ने रैली का आयोजन किया था। इसके साथ ही कांग्रेस के मेयर उम्मीदवार प्रमोद नायक की भी बाइक रैली निकली। रविवार की शाम दोनों ही पार्टियों की रैली मगरपारा के पास आमने-सामने हो गई। इस दौरान रैली में दोनों ही पार्टियों की अच्छी-खासी भीड़ थी। लिहाजा, दोनों पक्षों के कार्यकर्ता नारेबाजी कर शक्ति प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसके चलते उनके बीच विवाद शुरू हो गया।

**दोनों पक्षों के बीच हुई धक्कामुक्की और मारपीट**

इस दौरान शक्ति प्रदर्शन के बीच कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए धक्कामुक्की करने पर उतारू हो गए। जिसके बाद देखते ही देखते दोनों गुटों में मारपीट शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि मारपीट से कुछ कार्यकर्ताओं को चोट भी लगी है। हालांकि, दोनों पक्षों ने इस मामले की शिकायत पुलिस से नहीं की है।

**भाजपा और AAP कार्यकर्ताओं में मारपीट**

इधर, नगर पंचायत बोदरी में वार्ड क्रमांक 2 से आम आदमी पार्टी के टिकट से चुनाव लड़ रहे राकेश वर्मा और उनके बेटे बॉबी वर्मा पर भाजपा कार्यकर्ताओं से मारपीट के आरोप लगे हैं। भाजपा के कार्यकर्ता ने इसकी शिकायत चकरभाठा थाने में की है।

इस पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। भाजपा कार्यकर्ता देवेंद्र कौशिक ने पुलिस को बताया कि चुनाव के दौरान वे अपनी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए प्रचार प्रसार में लगे हैं। इसके चलते वार्ड क्रमांक दो से आम आदमी पार्टी के टिकट से पार्षद का चुनाव लड़ रहे राकेश वर्मा और उनके बेटे बॉबी वर्मा आए दिन धमकियां दे रहे हैं।

देवेंद्र कौशिक का कहना है कि कई बार दोनों ने मिलकर उन्हें धमकाया है। पिता-पुत्र ने रविवार की रात उन्हें धमकियां देते हुए गाली-गलौज और मारपीट की। इस दौरान वहां पर मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं ने उन्हें किसी तरह बचा लिया। इससे पहले भी पिता-पुत्र ने भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकियां दी है।

## 2 युवकों ने डॉक्टर को पीटा,बाल पकड़कर खींचा, कहा- ड्यूटी से घर जाएगा तो हाथ-पैर तोड़वा देंगे

**रायगढ़।** रायगढ़ में निजी अस्पताल के एक सहायक डॉक्टर की 2 युवकों ने जमकर पिटाई कर दी। हाथ मुक्कों से उसे पीटने के साथ ही बाल पकड़कर खींचते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। घटना जूटमिल थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक डॉक्टर भरत गुप्ता (27) ने थाने में रिपोर्ट में दर्ज कराई कि वह घरघोड़ा के टेंडा नवापारा के रहने वाला है। कुछ समय से चिरंजीवी दास नगर पहाड़ मंदिर के पास किराए के मकान में रहता है और राजप्रिय अस्पताल में असिस्टेंट डॉक्टर के पद पर पदस्थ है। रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक उसकी नाइट ड्यूटी लगी थी। ऐसे में वह अस्पताल में ड्यूटी कर रहा था। तभी शनिवार की सुबह करीब साढ़े 3 बजे से 4 बजे के बीच जूटमिल क्षेत्र में रहने वाला विपुल सिंह अपने एक साथी के साथ कार से अस्पताल पहुंचा।

इसके बाद वे अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में घुसा तो वहां डॉक्टर भरत गुप्ता को कहने लगा कि तुम लोग ड्यूटी के समय सो रहे हो और इसी बात को लेकर विवाद करने लगा। इसके बाद विपुल ने डॉक्टर के साथ गाली-गलौज करते हुए जाने से मारने की धमकी दी और उसकी पिटाई कर दी।

इसके अलावा डॉक्टर भरत गुप्ता के बाल को पकड़कर खींचते हुए मारपीट करने लगा। इस दौरान अस्पताल के अन्य स्टाफ द्वारा बीच-बचाव किया गया, तो विपुल और उसका साथी उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करने लगे और ड्यूटी से घर जाते समय हाथ पैर तोड़वा देने की धमकी देकर वहां से चले गए।

घटना के बाद डॉक्टर और अस्पताल के स्टाफ डरे सहमे थे। बाद डॉक्टर ने जूटमिल थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। जहां पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

**1 आरोपी गिरफ्तार दूसरा फरार**

इस संबंध में जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज ने बताया कि विपुल सिंह के हाथ में दर्द था। उसी के लिए वह अस्पताल गया था। घटना के बाद डॉक्टर की रिपोर्ट पर जुर्म दर्ज किया गया और विपुल को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके दूसरे साथी की पतासाजी की जा रही है।

## सरगुजा में लखनपुर स्वामी आत्मानंद स्कूल के प्रिंसिपल सस्पेंड

**सरगुजा।** सरगुजा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर ने लखनपुर स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के प्रभारी प्राचार्य को निलंबित कर दिया है। प्रभारी प्राचार्य को विशाखा समिति की जांच में महिला कर्मियों के लैंगिक उत्पीड़न, अभद्रता और महिलाओं के प्रति अशोभनीय व्यवहार के लिए दोषी पाया गया है। वहीं प्रिंसिपल के खिलाफ शिकायत करने वाली स्कूल की सहायक शिक्षिका को भी स्कूल से हटा दिया गया है। शिक्षिका को देवगढ़ आत्मानंद स्कूल भेजा गया है।

जानकारी के मुताबिक, लखनपुर स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल के सहायक शिक्षिका विज्ञान (प्रयोगशाला), नीलम गुप्ता ने प्राचार्य संजय कुमार वर्मा के खिलाफ अभद्रता, अशोभनीय व्यवहार और लैंगिक उत्पीड़न की शिकायत की थी। मामले की जांच विशाखा समिति द्वारा की गई। जांच रिपोर्ट मिलने पर दोनों पर कार्रवाई की गई है।

## अनमोल वचन......

**जीवन में अगर कोई आपके दुख में काम ना आये तो फिर उसे सुख का हिस्सा भी ना बनाये ।**

# किसी की भी नहीं सुनेंगे राहुल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जब भी कुछ कहते हैं तो वह बहुत से लोगों को बहुत तरह से सोचने का मसाला भी दे देते हैं। कभी-कभी इतना अटपटा बोल देते हैं कि वह गैर कांग्रेसियों के बीच मजाक बन जाते हैं और फिर पूरी कांग्रेस को क्षतिपूर्ति के अनुष्ठान में लग जाना पड़ जाता है। चाहे उनका लोक सभा चुनाव के दौरान दिया गया शक्ति वाला बयान हो या हरियाणा चुनाव के दौरान दिया गया जलेबी के कारखाने वाला बयान हो। वह प्रायः अपने बयानों की गंभीरता को बनाए नहीं रख पाते। इस बार उन्होंने एक बार फिर अपनी पार्टी को कठघरे में खड़ा कर दिया है।

दलित बुद्धिजीवियों के सम्मेलन में आमंत्रित वक्त के रूप में उन्होंने कहा कि जब तक दलित और पिछड़े कांग्रेस के साथ थे तब तक आरएसएस सत्ता से दूर रहा, लेकिन 1990 के बाद यानी नरसिंह राव के शासनकाल में कांग्रेस दलित और पिछड़ों को अपने साथ जोड़कर नहीं रख सकी। अब वह कांग्रेस की इस गलती को सुधारना चाहते हैं। दलित और पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के लिए कांग्रेस के भीतर ही क्रांति करेंगे। आशा यह है कि दलित-पिछड़ों को अपनी पार्टी में जगह देकर दलित-पिछड़े समूह को अपनी पार्टी से जोड़ेंगे और अपना खोया हुआ जनाधार फिर से प्राप्त करेंगे और उनके बल पर संघ और भाजपा को सत्ता से बाहर करेंगे। इसके लिए उन्होंने यह आशंका भी जताई है कि अपनी पार्टी में विरोध भी सहना पड़ सकता है लेकिन वह इस इरादे को पूरा करने के लिए किसी की भी नहीं सुनेंगे। यह हास्यास्पद स्थिति है कि कांग्रेस का शीषर्स्थ नेता एक नीतिगत प्रश्न को एक सामान्य बैठक में इस तरह से प्रस्तुत करे। पहले उन्हें अपनी पार्टी के भीतर यह बात रखनी चाहिए थी पार्टी में दलित और पिछड़ों को क्या जगह दी जाए, कैसे दी जाए इसकी प्रक्रिया तय करनी चाहिए थी और जब एक स्पष्ट रणनीति निर्धारित हो जाती तो उसे जनता के सामने स्पष्टतः रखना चाहिए था। उन्हें यह भी समझना चाहिए था कि जो दलित और पिछड़े समूह स्वयं शक्तिशाली होकर इस या उससे गठजोड़ करने की स्थिति में हैं, वे राहुल गांधी की कृपा पर क्यों रहेंगे। लेकिन राहुल गांधी तो राहुल गांधी हैं। अब उनकी पार्टी तय करेगी कि उनके इस नीति वक्तव्य का वह क्या करे।

## राशिफल

**मेष राशिः** आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आपके द्वारा की जाने वाली मेहनत का फल जल्दी ही प्राप्त होगा। आज आप अपने कार्यों पर ध्यान देंगे और सकारात्मक रहेंगे। किसी समस्या का हल आपके काम से ही मिलेगी। आज दूसरों पर ज्यादा निर्भर रहने से बचेंगे तो आप अपने काम में बढ़िया परफॉर्म करेंगे।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज जीवन बहुत सहज और आसान लगेगा। दूसरों से आगे जाने की इच्छा आपके आत्मविश्वास और कार्यकुशलता में वृद्धि करेगी। बच्चों के किसी काम से मन प्रसन्न रहेगा। आज शांति से किसी भी समस्या का समाधान निकालने का प्रयास करेंगे तो सब सही रहेगा। आज आपकी आस्था और विश्वास बरकरार रहेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। नया बिजनेस शुरू करना या बढ़ाना चाह रहे हैं तो आज उससे संबंधित शुरूआत करना बहुत ही अनुकूल रहेगा। प्रॉपर्टी के बिजनेस के लिए लाभदायक स्थिति बनी हुई है। आज आपको ऑफिशियल कार्यों में सफलता मिलेगी। भविष्य के लिए नई योजनाएं बनेंगी। ईश्वर में आपका विश्वास बढ़ेगा। दूसरे क्या कह रहे हैं, इस पर ध्यान दिए बिना अपने परिवार के साथ समय बिताएंगे। जिससे पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा।

**कर्क राशिः**आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज परिस्थितियों को देखने का नजरिया बदलने की जरूरत है। समस्याओं को सकारात्मकता के साथ हल करेंगे तो बेहतर रहेगा। आपके अंदर आ रहे सकारात्मक बदलाव से परिवार के लोग प्रसन्न होंगे। अधूरे काम पूरे करने के लिए दिन सही है। लेनदेन के मामलों में आप भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दांपत्य जीवन में मधुरता और आपसी सामंजस्य उचित बना रहेगा। युवा वर्ग व्यर्थ के कामों में अपना समय नष्ट न करें। कुछ समय अपने स्वास्थ्य और मनोबल को बेहतर बनाने में भी व्यतीत करेंगे।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज जीवनसाथी व परिवारजनों का सहयोग आपके आत्म बल व आत्मविश्वास को बनाकर रखेगा। आज बेवजह की उलझनों से दूर होकर अपने काम पर ध्यान दे पाएंगे। आज आप कुछ समय मेडिटेशन और आराम के लिए अवश्य निकालें। आज आपको अपनों की सलाह बहुत काम आएगी। आज आप सूझबूझ से काम लेंगे, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**तुला राशिः** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आपकी आर्थिक समस्या हल होने वाली है। कहीं रुका हुआ पैसा मिलने की संभावना है। आत्म चिंतन करने से आपके दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेगा। रिश्तेदार से चल रही अनबन किसी की मध्यस्थता से हल होगा। एक से अधिक स्रोतों से आय होगी।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों पर आपका ध्यान केंद्रित रहेगा। अपने लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से एकाग्र चित्त रहें, तो आपको सफलता प्राप्त होगी। युवाओं को किसी अनुभवी और प्रतिष्ठित व्यक्ति का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। विद्यार्थी और युवा अपनी सफलता को लेकर मन में किसी भी तरह का संशय न रखें। नया निवेश करने से पहले अच्छी तरह जांच-पड़ताल कर लें। घर के बड़े बुजुर्गों व वरिष्ठ सदस्यों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। आज ऑफिस में अपने कार्यों पर ज्यादा ध्यान दें नहीं तो सहकर्मी आपकी शिकायत बॉस से कर सकते हैं।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज दूसरों से ज्यादा उम्मीदें करने की बजाय अपनी कार्य क्षमता व योग्यता पर ही विश्वास रखें। युवा वर्ग भावनाओं में आकर किसी प्रकार का निर्णय न लें। जीवन से जुड़ी हर गतिविधि को व्यावहारिक तरीके से समझने का प्रयास करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप सुखद पलों को साझा करेंगे।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए नई उमंग से भरा रहने वाला है। नौकरी और बिजनेस के सिलसिले में यात्रा का प्रोग्राम बन सकता है। आज आप उस कार्य को पूरा करने में सफल होंगे, जिसके लिए लंबे समय से प्रयासरत थे। विद्यार्थियों को इधर-उधर के कामों को छोड़कर अपनी पढ़ाई लिखाई पर पूरा फोकस करना होगा, तभी सफलता हासिल कर सकेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार रहने वाला है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज किसी करीबी की सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। ये समय आपके लिए आगे बढ़ने का है, सही दिशा में प्रयास करेंगे तो आपको जरूर सफलता मिलेगी। आज सामाजिक कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। आज कुछ लोग आपकी आलोचना करेंगे और आपका ध्यान आपके लक्ष्य से भटका सकते हैं।

# परीक्षा योद्धाओं की नई परिभाषा: परीक्षा के युद्धक्षेत्र से परे

//धर्मेंद्र प्रधान//

**प्रकृति ने अपनी असीम बुद्धि से प्रत्येक मनुष्य को एक अलग पहचान दी है - हमारी उंगलियों के निशान से लेकर आंखों की पुतलियों तक, हमारे अनुभव से लेकर विचारों तक, हमारी प्रतिभाओं से लेकर उपलब्धियों तक। मानवीय विशिष्टता के बारे में यह गहन सत्य हमारे समाज की विशेषता रही है और हमारी शिक्षा प्रणाली को इस विशेषता को प्रतिबिंबित करना चाहिए। प्रत्येक बच्चे में कुछ जन्मजात प्रतिभा होती है, कुछ शैक्षिक प्रतिभा से चमकते हैं, अन्य रचनात्मकता के लिए तत्पर होते हैं, कई अन्य एथलेटिक और पेशेवर कौशल से युक्त होते हैं। इस विशिष्टता को दर्शाते हुए, स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा था, शिक्षा मनुष्य में पहले से मौजूद पूर्णता की अभिव्यक्ति है।**




एक बच्चे की प्राकृतिक प्रतिभा को निखारना और उसे उसकी पसंद के शैक्षणिक और पाठ्येतर गतिविधियों में रचनात्मक रूप से शामिल करना हमारे शैक्षणिक संस्थानों के सामने कठिन चुनौतियां रही हैं। शिक्षकों और नीति निर्माताओं के रूप में हमारी भूमिका एक बच्चे की अनूठी प्रतिभा को विकसित करना है, जिससे वह चुने हुए लक्ष्य में श्रेष्टता प्राप्त कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 ने प्रतिभा को परिभाषित करने और उसको विकसित करने के तरीके में एक विलक्षण बदलाव किया है। यह एक दार्शनिक ढांचा है जो वास्तव में हमारे प्रत्येक बच्चे में मौजूद विशिष्टता की सूक्ष्म रूपरेखा का वर्णन कर सकता है जो हमारे देश की उन्नति में योगदान देता है।

हमारे प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में, हम शिक्षा में संपूर्ण सुधार लागू कर रहे हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चे की शैक्षिक यात्रा हमेशा रोमांचकारी और यादगार बनी रहे। बच्चे पढ़ाई और परीक्षा के दौरान किसी भी तरह के तनाव और दबाव से मुक्त रहें। यह दृष्टिकोण हमारे शैक्षिक सुधारों का केंद्र है, बुनियादी शिक्षा से लेकर शिक्षा और अनुसंधान के उच्चतम स्तरों तक।

कुछ साल पहले, हमारे युवा शिक्षार्थियों के लिए बाल वाटिका या खिलौना-आधारित शिक्षा ने व्यापक संदेह को आमंत्रित किया होगा। आज, एनईपी की बदौलत, ये अभिनव दृष्टिकोण प्रारंभिक शिक्षा में आमूल परिवर्तन ला रहे हैं, जिससे सीखना कष्टदायक होने के बजाय एक आनंददायक कार्य बन गया है। हमारी नई शिक्षा प्रणाली यह मानती है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्राकृतिक प्रतिभा के अनुसार विकास करता है। हमारी क्रेडिट ट्रांसफर नीति जो एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट स्थापित करती है, एक और उन्नतिशील कदम आगे बढ़ाती है। यह माना जाता है कि जीवन का मार्ग हमेशा सीधा नहीं हो सकता है, बल्कि इसमें उतार-चढ़ाव भी हो सकते हैं और सीखना विभिन्न परिस्थितियों में विभिन्न गति से हो सकता है। शिक्षार्थी औपचारिक शिक्षा को रोक सकते हैं क्योंकि वे अपनी रुचि के अनुसार काम करते हैं, व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करते हैं तथा अपने परिवार का समर्थन करते हैं। जब वे औपचारिक शिक्षा में वापस लौटते हैं, तो उनके अपने अनुभव और उपलब्धियां काम आती हैं और इन्हें महत्व दिया जाता है जो उनके क्रेडिट अकादमिक रिकॉर्ड में शामिल किया जाता है। यह अनुकूलनियता इस बात को जोर देती है कि सीखने के दरवाज़े हमेशा खुले रहते हैं, जो लोगों को उनके जीवन के किसी भी मोड़ पर सीखने के पारिस्थितिकी तंत्र में वापस लाते हैं। सरकार ऐसी संस्कृति विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है, जहां परीक्षा में सफलता कभी भी संपूर्ण विकास पर हावी न हो, जिससे हमारे युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान न हो। इस महत्वपूर्ण चुनौती को पहचानते हुए, हमारी सरकार ने परीक्षा से संबंधित तनाव को दूर करने में मदद करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता बना दिया है। प्रधानमंत्री की अभूतपूर्व परीक्षा पे चर्चा पहल छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों के मूल्यांकन के तरीके को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। छात्रों और अभिभावकों के साथ प्रधानमंत्री की बातचीत ने परीक्षा की चिंता को राष्ट्रीय संवाद में बदल दिया है। उन्होंने पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं को लेकर होने वाली चिंता को दूर करने का प्रयास किया है, जो संवेदनशील दिमाग पर अनावश्यक दबाव डालती है।

प्रधानमंत्री के अपने जीवन और अनुभवों से लिए गए व्यावहारिक सुझावों को परीक्षार्थियों ने खूब सराहा है, जिससे उनका परीक्षा में तनाव मुक्त प्रदर्शन आश्वस्त हुआ है। सच्चे नेतृत्व के एक उदाहरण में, हम भारतीयों की भावी पीढ़ी को बढ़ावा देने के लिए एक दूरदर्शी नेता के समर्पण को देख रहे हैं जो राष्ट्र निर्माण में योगदान देता है और राष्ट्र की प्रगति की ओर निरंतर अग्रसर होना सुनिश्चित करता है। माता-पिता और समाज तथा नागरिक पर ये परिवर्तन केंद्रित है। परीक्षा पे चर्चा मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षण सहायक, वातावरण के महत्व को उजागर करने में परिवर्तनकारी रही है। यह एक ऐसी मानसिकता है जिसे केवल 10वीं और 12वीं के छात्रों की बोर्ड की कक्षाओं के अलावा सभी कक्षाओं और सभी उम्र के छात्रों में बढ़ावा दिया जाना चाहिए । परीक्षा के समय दबाव और तनाव को दूर करने के सभी चरणों को सिखाया जाना चाहिए। रवींद्रनाथ टैगोर के बुद्धिमान शब्दों में, बच्चे को अपनी शिक्षा तक सीमित न रखें, क्योंकि वह किसी और समय में पैदा हुआ है। शैक्षिक परिवर्तन के प्रति हमारा दृष्टिकोण इसी ज्ञान से निर्देशित है। यह विचार कि शिक्षा में तनाव अनिवार्य है, इस समझ को बदलने की आवश्यकता है कि वास्तविक शिक्षा पोषण करने वाले वातावरण में पनपती है। जब समुदाय, शिक्षक और परिवार मिलकर ऐसा माहौल बनाते हैं जहां छात्र का विकास हो सकें, तो सफलता अवश्य मिलती है। कक्षा से लेकर खेल के मैदान तक, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों से लेकर अनुसंधान प्रयोगशालाओं तक, हमें ऐसे स्थान बनाने चाहिए जहां अलग-अलग प्रतिभाएं अपनी चमक पा सकें और विकास कर सकें। पारंपरिक एक-आकार-सभी-फिट दृष्टिकोण को बदलने की कोशिश की जा रही है ताकि एक से अधिक सूक्ष्म, उत्तरदायी प्रणाली को रास्ता दिया जा सके जो व्यक्तिगत क्षमता को पहचान सके और उसका विकास कर सकती हो। जैसे-जैसे हम विकासित भारत की ओर तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं, हमारी शिक्षा प्रणाली राष्ट्रीय परिवर्तन की एक प्रमुख आधारशिला के रूप में खड़ी है। हम मानते हैं कि हर कौशल में योग्यता होती है, हर यात्रा का मूल्य होता है, और हर बच्चे को उत्कृष्टता के लिए अपना अनूठा मार्ग खोजने का अधिकार है। जब हम विविध प्रतिभाओं का पोषण करते हैं, हम अपने समाज के ताने-बाने को मजबूत करते हैं और सभी क्षेत्रों में अपने राष्ट्र की क्षमताओं को बढ़ाते हैं। आज, मैं अपने महान राष्ट्र के प्रत्येक माता-पिता, शिक्षक और नागरिक का आह्वान करता हूं। शिक्षा का परिवर्तन केवल एक सरकारी पहल नहीं है - यह एक राष्ट्रीय मिशन है जो हमारी सामूहिक प्रतिबद्धता और साझा दृष्टिकोण की मांग करता है। हम अपने लक्ष्यों को तब प्राप्त करेंगे जब सरकार और नागरिक समाज के बीच सहयोग और साझेदारी हमारी नीतियों और कार्यों को परिभाषित करेगी।हमारे बच्चे हमारा भविष्य हैं। वे अपनी अनूठी प्रतिभा से चमकेंगे और देश को गौरवान्वित करेंगे। एक उज्ज्वल भविष्य हमारा आह्वान करता है। हम मानते हैं कि प्रत्येक बच्चे की अद्वितीयता में भारत के भविष्य की विलक्षणता निहित है। तनाव मुक्त शिक्षा हमारे बेहद प्रतिभाशाली छात्रों के अनुपम योगदान को निखारने की कुंजी होगी।

# मध्यम वर्ग को राहत देने वाला बजट

//डॉ. जयंतीलाल भंडारी//

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किया गया वित्त वर्ष 2025-26 का बजट करदाताओं, निवेशकों तथा मध्यम वर्ग को मुस्कुराहट देते दिखाई दे रहा है। वित्त मंत्री बजट के माध्यम से टैक्स में कटौती और वित्तीय प्रोत्साहनों से मध्यम वर्ग की क्रयशक्ति बढ़ा कर मांग में वृद्धि करके अर्थव्यवस्था को गतिशील करने की रणनीति पर आगे बढ़ते हुए दिखाई दी हैं।**

वित्त मंत्री ने नये टैक्स रिजीम के तहत 12 लाख रुपये तक की कमाई को टैक्स फ्री किया है। खास बात यह भी है कि बजट के तहत बीमा में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की वर्तमान 74 फीसद की सीमा बढ़ा कर 100 फीसद किया गया है। इससे कंपनियों को ज्यादा पैसा मिलेगा और ऐसे में वे अपना विस्तार करेंगी और प्रीमियम भी कम होने से करदाता और मध्यम वर्ग लाभान्वित होगा।

निस्संदेह कोरोना काल के बाद मध्यम वर्ग को राहत देने को लेकर लगातार मांग तेज हुई है। सरकार ने विगत वर्षों में जहां गरीब लोगों के लिए ढेर सारी राहतों का ऐलान किया, वहीं कॉरपोरेट जगत पर भी सरकार ने ध्यान दिया। लेकिन सबसे अधिक टैक्स देने वाला मध्यम वर्ग पीछे छूट गया। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले विभिन्न बजटों में मध्यम वर्ग की चिंताओं पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। इस वर्ग पर लगाए गए कर की तुलना में इस वर्ग को सार्वजनिक सेवाओं के जरिए बहुत कम रिटर्न मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी बजट सत्र की शुरु आत पर मध्यम वर्ग को सौगात देने के संकेत दिए थे।

साथ ही, वित्त मंत्री ने संसद में 2024-25 की जो आर्थिक समीक्षा पेश की उसमें भी वेतनभोगी और स्वरोजगार वाले मध्यम वर्ग की वास्तविक आय में कमी आने की बात स्वीकार की थी। ऐसे में वित्त मंत्री कोरोना काल के बाद देश के विकास का इंजन कहे जाने वाले मध्यम वर्ग के निजी उपभोग पर होने वाले खर्च में गिरावट से घटी हुई विकास दर को बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ़ी हैं। निश्चित रूप से इस बजट से सरकार लंबे समय से लंबित मध्यम वर्ग की आर्थिक वित्तीय शिकायतों का समाधान करते हुए आर्थिक वृद्धि की गति को फिर से तेज कर उपयुक्त कर राहत से एक अच्छा आर्थिक चक्र करने की डगर पर आगे बढ़ी है।

निश्चित रूप से मध्यम वर्ग पर कर का बोझ कम करने से खपत बढ़ेगी। इससे जीएसटी संग्रह में वृद्धि होगी और कर योग्य आय वालों का आधार बढ़ेगा। मजबूत मध्यम वर्ग भारत के ऊंचे विकास के सपने को आकार देने का आधार बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि बजट 2025-26 के मद्देनजर वित्त मंत्री सीतारमण के पास मध्यम वर्ग को राहत देने के लिए कर संग्रहण संबंधी मजबूत परिदृश्य मौजूद रहा है। पिछले 10 वर्षों में लगातार आयकर रिटर्न भरने वाले आयकरदाताओं की संख्या और आयकर की प्राप्ति में छलांग लगा कर वृद्धि हुई है। ऐसे में करदाताओं, छोटे निवेशकों और मध्यम वर्ग के लिए टैक्स में कटौती और टैक्स ढांचे को आसान बना कर खचरे और सेविंग्स को बढ़ाने की कोशिश बजट में दिखाई दी है। वित्त मंत्री ने मजबूत वित्तीय मुट्ठी से आयकर के नये टैक्स रिजीम की व्यवस्थाओं के तहत करदाताओं को अभूतपूर्व राहतों से लाभांवित किया गया है। नये टैक्स रिजीम के तहत आयकर स्लैब में बड़ा बदलाव है ताकि अधिक से अधिक करदाता इसे अपनाने के लिए प्रेरित हों।

नये बजट के तहत न्यू टैक्स रिजीम में टैक्स स्लैब में बदलाव और अतिरिक्त रिबेट की घोषणा की जिसके तहत 12 लाख रु पये तक की आमदनी पर कोई इनकम टैक्स नहीं देना होगा। आय के विभिन्न स्तरों पर टैक्सपेयर्स को बड़ी बचत का भी मौका मिलेगा। बजट 2025-26 में सीनियर सिटीजन के लिए स्टैंडर्ड डिडक्शन (मानक कटौती) की लिमिट 50,000 रु पये से बढ़ाकर एक लाख रु पये की गई है। नई टैक्स रिजीम के तहत वेतनभोगी वर्ग को 75,000 रु पये की छूट (स्टैंडर्ड डिडक्शन) का लाभ बना हुआ है। यद्यपि देश में कर सुधारों से आयकर के संग्रहण में आशातीत वृद्धि हुई है, लेकिन अभी आयकर के कर दायरे में इजाफा किए जाने की बड़ी संभावनाएं हैं। जहां 2025-26 के बजट से वित्त मंत्री ने मध्यम वर्ग को आयकर राहत संबंधी उपहार सौंपा है, वहीं उन्होंने बजट में आयकर सुधारों के लिए नई व्यवस्था का ऐलान भी किया हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं। स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी।

सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। यह बात भी महत्त्वपूर्ण है कि वित्त मंत्री ने आयकर सुधारों के तहत आगामी सप्ताह में नया टैक्स बिल लाने की घोषणा की है। इसका मकसद मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट, 1961 को नई जरूरतों के अनुरूप आसान और प्रभावी बनाना है। नया आयकर कानून मौजूदा कानून में संशोधन भर नहीं होगा, बल्कि पूर्णतया नया कानून होगा। इसके तहत अनावश्यक और अप्रचलित प्रावधानों को हटाया जाएगा। कर विवादों को कम किया जाएगा। टैक्सपेयर्स के लिए अनुपालन को आसान बनाया जाएगा।

निश्चित रूप से 2025-26 के बजट में आयकरदाताओं, निवेशकों और मध्यम वर्ग के लिए दी गई टैक्स राहत और किए गए अन्य विशेष प्रावधानों से मध्यम वर्ग की मुस्कुराहट बढ़ेगी। ऐसे में मध्यम वर्ग की बढ़ी क्रय शक्ति खपत में वृद्धि विकास दर और अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकती दिखाई देगी।

## तस्वीरों की दुनिया



नई दिल्ली में नीदरलैंड निवास में मीडिया पूर्वावलोकन के दौरान ट्यूलिप गार्डन - मिनी केउकेनहोफ़ - में पूरी तरह से खिले हुए ट्यूलिप।



दिल्ली की निवर्तमान मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी नई दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से उनके आवास के बाहर मुलाकात के बाद मीडिया से बात करती हुई।



केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कर्नाटक के बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड की एलसीएएम के1ए उत्पादन सुविधा का दौरा किया।



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत का जश्न मनाने के लिए चंडीगढ़ में जलेबी बांटी।



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने ठाणे में अपने 60वें जन्मदिन के अवसर पर परिवार के सदस्यों के साथ केक काटा।



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेला 2025 के दौरान स्वामी गोविंद देव गिरि से मुलाकात की।

# कौन बनेगा दिल्ली का नया मुख्यमंत्री, क्षेत्रीय समीकरण या नए चेहरे पर लगेगी मुहर



नईदिल्ली, 10 फरवरी [एजेंसी]।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में परचम लहराने के बाद अब भाजपा में नए मुख्यमंत्री के चयन की कवायद तेज हो गई है। इसी कड़ी में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।भाजपा ने दिल्ली के विधानसभा चुनाव में हर क्षेत्र और हर समुदाय के बीच अच्छी बढ़त हासिल की है। इसलिए, उसके पास मुख्यमंत्री पद के संभावित उम्मीदवारों की एक बड़ी सूची है।विभिन्न राज्यों में अपने मुख्यमंत्रियों को चुनने में पार्टी के विकल्पों को अक्सर बड़े राजनीतिक संदेश के रूप में देखा जाता है।

ऐसे में राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दिल्ली भी कोई अपवाद नहीं होगा।आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को हराने वाले जाट समुदाय के नेता प्रवेश वर्मा का नाम चर्चा में है। इसके अलावा सतीश उपाध्याय, विजेंद्र गुप्ता, आशीष सूद और पवन शर्मा जैसे संगठन के अनुभवी नेताओं के नाम की भी चर्चा है। लेकिन, यहां समझने वाली बात यह है कि भाजपा हमेशा चौंकाने वाले निर्णय लेने के लिए जानी जाती है। वह कम चर्चित नेताओं को भी आगे बढ़ाती रही है।भाजपा के एक नेता ने कहा कि पार्टी का शीर्ष नेतृत्व राजनीतिक समीकरणों के आधार पर पूर्वांचल की पृष्ठभूमि वाले किसी व्यक्ति के नाम पर विचार कर सकता है। यही नहीं, वह सिख समुदाय से आने वाले नेता पर भी विचार कर सकता है। आवश्यकता हुई तो शीर्ष नेतृत्व किसी महिला के नाम को आगे बढ़ा सकता है।मध्य प्रदेश, राजस्थान और ओडिशा को लेकर पार्टी ने जो निर्णय लिए, वो किसी से छिपे नहीं हैं। ऐसे में पिछले अनुभव को देखते हुए इस मामले में अटकलों के लिए बहुत कम गुंजाइश बचती है। भाजपा ने मध्य प्रदेश में मोहन यादव, राजस्थान में भजनलाल शर्मा और ओडिशा में मोहन चरण माझी को चुना। इससे राजनीतिक विश्लेषक हैरान रह गए थे। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा है कि मुख्यमंत्री पर फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व लेगा।

## बंदर के कारण चली गई इस देश की बिजली, मच गई अफरा-तफरी

**कोलंबो**। बिजली कटौती सिर्फ भारत ही नहीं, दुनिया के कई देशों में बेहद आम है। कभी लोकल फॉल्ट, तो कभी मेंटेनेंस के नाम पर कुछ घंटों के लिए बिजली काट ही ली जाती है। लेकिन एक देश ऐसा भी है, जहां कुछ समय के लिए बिजली चली गई, तो हाहाकार मच गया। गौर करने वाली बात ये है कि यहां बिजली सिर्फ किसी हिस्से में नहीं, बल्कि पूरे देश में कट गई। बिजली कटने की वजह कोई मेंटेनेंस नहीं, बल्कि एक बंदर था। शायद आपको सुनकर यकीन न हो रहा हो, मगर ये सच है।ये देश कोई दूर-दराज में नहीं स्थित है। हम भारत के पड़ोसी देश श्रीलंका की बात कर रहे हैं। दरअसल श्रीलंका की राजधानी कोलंबो में एक बंदर के कारण रविवार को पूरे देश में कुछ घंटे तक बिजली को लेकर कोहराम मचा रहा। जानकारी के मुताबिक, कहीं से एक बंदर पावर ग्रिड के पास पहुंच गया। वह करंट की चपेट में आ गया और फिर पूरा पावर ग्रिड सिस्टम ही फेल हो गया। एक साथ पूरे देश की बिजली जाने से अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए।एक बिजली अधिकारी ने कहा कि बंदर पावर ग्रिड के संपर्क में आ गया, जिससे दिन में 11.30 बजे के आसपास पूरा ग्रिड फेल हो गया और बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।


## चौकी पर ग्रेनेड से हमला करने वाले आतंकी और पुलिस के बीच मुठभेड़, एक जख्मी, एक-47 और 2 पिस्टल बरामद



अमृतसर, 10 फरवरी [एजेंसी]।

पंजाब में फतेहगढ़ चूड़ियां बाईपास पुलिस चौकी पर सोमवार की रात ग्रेनेड से हमला करने वाले तीन आतंकियों और पुलिस के बीच रविवार की देर रात 11 बजे मुठभेड़ हुईद्य जानकारी के मुताबिक पुलिस ने तीनों आतंकियों को रविवार की रात काबू कर लिया था और इस दौरान एक आतंकी पुलिस की हिरासत से भाग कर उन पर फायरिंग करने लगा जवाबी फायरिंग में पुलिस ने उसे गोली मारकर जख्मी कर हिरासत में ले लिया। आतंकियों के कब्जे से पुलिस ने एक एक-47 और दो पिस्टल बरामद किए हैं।पकड़े गए तीनों आतंकी कुख्यात गैंगस्टर हरप्रीत सिंह उर्फ हैप्पी के गुर्गे हैं। हैप्पी इन दिनों विदेश में है। शक जताया जा रहा है कि तीनों ने गुमटाला बाईपास पुलिस चौकी पर भी ग्रेनेड से हमला किया है। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने पकड़े गए तीनों आतंकियों की पहचान लवप्रीत सिंह, बूटा सिंह और कारणदीप सिंह के तौर पर बताई है। जानकारी के मुताबिक बूटा सिंह का भाई दुबई में रहता है। वह हैप्पी पसिया के लिए काम करता है।जानकारी के मुताबिक पुलिस अधिकारियों को सूचना मिली थी कि सोमवार की रात फतेहगढ़ चूड़ियां बाईपास पर बंद पड़ी पुलिस चौकी फतेहगढ़ चूड़ियां रोड पर ग्रेनेड से हमला करने वाले तीन आतंकी राजासांसी इलाके की तरफ जा रहे हैं। इसी आधार पर पुलिस टीमें राजासांसी की तरफ रवाना हुई पुलिस ने तीनों आतंकियों को गिरफ्तार कर लिया। मगर इस बीच एक आतंकी किसी तरह पुलिस की हिरासत से बचकर भाग निकला। उसने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी पुलिस अधिकारियों ने जवाबी फायरिंग की। गोली लगने से आतंकी घायल हो गया। उसे तुरंत हिरासत में ले लिया। आतंकियों के कब्जे से एक एक-47 और दो पिस्टल मिले हैं।

# पहले अमित शाह से मुलाकात... फिर राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा विधानसभा सत्र से एक दिन पहले बीरेन सिंह ने क्यों छोड़ी कुर्सी



इंफाल, 10 फरवरी [एजेंसी]।

विधानसभा सत्र शुरू होने से एक दिन पहले मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार को अपने पद से त्यागपत्र दे दिया। राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि बीरेन सिंह ने कुछ मंत्रियों और अन्य नेताओं के साथ राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मुलाकात की और अपना त्यागपत्र सौंप दियाराज्यपाल ने सिंह से कार्यवाहक मुख्यमंत्री के रूप में अपने पद पर बने रहने का अनुरोध किया है। इससे पहले बीरेन सिंह ने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। दिल्ली से लौटने के कुछ ही घंटों बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। शनिवार को बीरेन सिंह ने सीएम सचिवालय में सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों के साथ बैठक की थी। यह बैठक विपक्षी कांग्रेस द्वारा उनकी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारियों के मद्देनजर बुलाई गई थी। बीरेन सिंह ने मणिपुर में भाजपा को पहली जीत दिलाने के बाद 15 मार्च, 2017 को राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में पदभार संभाला। 2022 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने सत्ता बरकरार रखी। हालांकि, राज्य में मई 2023 में मैतेयी और कुकी समुदाय के बीच भड़की जातीय हिंसा के कारण उनके दूसरे कार्यकाल पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।बीरेन सिंह के इस्तीफे पर राहुल गांधी ने तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि करीब दो साल तक बीरेन सिंह ने मणिपुर में विभाजन को बढ़ावा दिया। राज्य में हिंसा और जानमाल की हानि के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें पद पर बने रहने दिया। अब उनके इस्तीफे से पता चलता है कि बढ़ते जन दबाव, सुप्रीम कोर्ट की जांच और कांग्रेस के अविश्वास प्रस्ताव ने उन्हें हिसाब-किताब करने पर मजबूर कर दिया है। लेकिन, सबसे जरूरी प्राथमिकता राज्य में शांति बहाल करना और लोगों के घावों पर मरहम लगाना है।राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि संभावना है कि पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व राज्य के नेताओं से परामर्श करने के बाद अगले कुछ दिनों में नए मुख्यमंत्री की घोषणा कर देगा।राज्यपाल को लिखे पत्र में बीरेन सिंह ने कहा कि वह मणिपुरी के हितों की रक्षा के लिए समय पर की गई कार्रवाई, विकास कार्य और विभिन्न परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार के प्रति अत्यंत आभारी हैं। उन्होंने केंद्र सरकार से सीमा पर घुसपैठ के खिलाफ कार्रवाई जारी रखने, अवैध घुसपैठियों को निकालने तथा मादक पदार्थों और नार्को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के लिए नीति तैयार करने का भी अनुरोध किया।

# दिल्ली में आप की हार के बाद राजस्थान में गधों की मौज खाने को मिले गुलाब जामुन



जयपुर, 10 फरवरी [एजेंसी]।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार पर राजस्थान के जोधपुर में रविवार को गधों को गुलाब जामुन खिलाया गया। जोधपुर निवासी मोहनदास वैष्णव ने चुनाव प्रक्रिया के दिनों में यह संकल्प लिया था कि यदि दिल्ली विधानसभा चुनाव में आप और अरविंद केजरीवाल की हार होगी तो वे गधों को गुलाब जामुन खिलाएंगे। शनिवार को चुनाव परिणाम आने के बाद वैष्णव ने रविवार को अपने इस अनोखे संकल्प को पूरा किया।

राजस्थान में एक कहावत है कि गधों की किस्मत में गुलामी लिखी होती है, गुलाब जामुन नहीं। इस कहावत का एक मतलब यह भी है कि अच्छे और प्रतिष्ठित लोगों को कहीं सम्मान नहीं मिलता और कम सोच वाले लोगों को प्रतिष्ठित पद मिलते हैं। गधों को गुलाब जामुन खिलाने का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर भी बहुप्रसारित हो रहा है। वैष्णव जहां गधों को गुलाब जामुन खिला रहे हैं, वहां एक बोर्ड भी लगा है, जिस पर महाधूर्त अरविंद केजरीवाल लिखा हुआ है।दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों की बात करें तो भाजपा ने 48 सीटें जीतकर शानदार जीत हासिल की है। आप को केवल 22 सीटें ही मिल पाई हैं। इस चुनाव में भी कांग्रेस का खाता नहीं खुला है। जानकारी दें कि दिल्ली में विधानसभा की कुल 70 सीटें हैं और सरकार बनाने के लिए 36 सीटों की आवश्यकता होती है।

# हार के बाद पंजाब पर केजरीवाल का ध्यान, सभी विधायकों को बुलाया दिल्ली, कैबिनेट बैठक में लिए जाएंगे महत्वपूर्ण निर्णय



चंडीगढ़ , 10 फरवरी [एजेंसी]।

दिल्ली विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद अब आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अपना ध्यान पंजाब पर केंद्रित कर दिया है। उन्होंने पंजाब के विधायकों की 11 फरवरी को दिल्ली में बैठक बुलाई है। वहीं, सोमवार 10 फरवरी को मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक को स्थगित कर दिया गया है। यह बैठक अब 13 फरवरी को होगी।माना जा रहा है कि अरविंद केजरीवाल की विधायकों से चर्चा के बाद कैबिनेट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते हैं। यह दूसरा मौका है जब कैबिनेट बैठक को स्थगित किया गया है। पहले छह फरवरी को बैठक थी। बाद में इसे बदलकर 10 फरवरी कर दिया गया था। पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल की ओर से बुलाई गई बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि पंजाब के विधायकों के कामकाज को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। पार्टी को भी लगातार झटके लगते रहे हैं। सत्ता में होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी के मात्र तीन ही सांसद बने।वहीं, पांच नगर निगम चुनाव में पटियाला को छोड़कर पार्टी को कहीं पर भी स्पष्ट बहुमत नहीं मिला। हालांकि सरकार ने जोड़-तोड़ करके अपने मेयर तो बना लिए लेकिन निगम चुनाव में पार्टी को खासा झटका लगा था। आने वाले समय में पार्टी को नगर परिषद और लुधियाना वेस्ट में होने वाले विधानसभा उप चुनाव को लड़ना है।बता दें कि लुधियाना वेस्ट के आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत गोगी की अपनी ही पिस्तौल की गोली लगने से मौत हो गई थी जिसके कारण यह सीट खाली हो गई है।

विधायकों की बैठक बुलाए जाने से यह बात स्पष्ट हो गई है कि अब पार्टी की नजर पंजाब पर होगी।बता दें कि पंजाब में आप के 93 विधायक हैं। यह पहला मौका नहीं है जब केजरीवाल ने विधायकों व मंत्रियों को बैठक के लिए दिल्ली बुलाया हो। इससे पहले भी वह ऐसा करते रहे हैं। दिल्ली में आप को करारी हार का सामना करना पड़ा। आप को इस बार सिर्फ 22 सीटों पर संतोष करना पड़ा। वहीं, बीजेपी ने जबरदस्त जीत दर्ज की है।

## राजस्थान में पकड़ा गया पाकिस्तानी यूट्यूबर नेपाल के रास्ते बिना वीजा भारत में घुसा

**जयपुर**। राजस्थान के जैसलमेर में पुलिस ने एक पाकिस्तानी यूट्यूबर को गिरफ्तार किया है। यह पाकिस्तानी युवक बिना वीजा नेपाल के रास्ते भारत आया। उसका नाम विनय कपूर बताया जाता है। उसने पुलिस की पूछताछ में कई बड़े पर्दाफाश किए हैं। उसने भारत आने के बाद कई वीडियो भी पोस्ट किए हैं।पुलिस ने उसके साथ सुधीर चौधरी नामक एक भारतीय नागरिक को भी पकड़ा है। सुधीर ने पाकिस्तानी यूट्यूबर को यहां आने पर रहने सहित सभी तरह की मदद की थी। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने बताया कि पुलिस को इनपुट मिला था कि विनय कपूर नामक पाकिस्तानी यूट्यूबर जैसलमेर पहुंचा है। उससे पूछताछ में पता चला कि नेपाल के रास्ते वह भारत में घुसा। पाकिस्तानी यूट्यूबर कुछ समय के लिए गाजियाबाद में रहा और जैसलमेर पहुंचा। इंटरनेट मीडिया पर जैसलमेर के सचिन चौधरी से उसकी दोस्ती हुई थी।

# मुजफ्फरपुर में सकरा विधायक के साथ मारपीट, भीड़ ने भी कर दी आरोपित की धुनाई

मुजफ्फरपुर, 10 फरवरी [एजेंसी]।



सकरा थाना क्षेत्र के वाजिदपुर अशोक गांव में सकरा के जदयू विधायक अशोक कुमार चौधरी के कार्यक्रम में रविवार को जमकर बवाल हो गया।विधायक के साथ एक युवक ने दुर्व्यवहार और धक्का मुक्की की। इसके बाद विधायक समर्थक और उनके सुरक्षा गार्डों ने अभद्र व्यवहार करने वाले युवक की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान विधायक समर्थकों ने जमकर कुर्सियां चलाईं। धक्का-मुक्की में अनियंत्रित हुए विधायक को लोगों ने किसी तरह पकड़ा। विधायक के सुरक्षा गार्डों ने दौड़कर युवक को पकड़ लिया। गार्डों ने भी युवक की जमकर पिटाई कर दी।इस मामले का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि आरोपित युवक कुंदन राम को पकड़ा गया है। वह नशे में था। जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि विधायक अशोक कुमार चौधरी रविवार को वाजिदपुर अशोक गांव में मंदिर निर्माण के लिए चंदा देने गये थे। इस उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस बीच युवक कुंदन राम यह कहकर उनके साथ अभद्र व्यवहार करने लगा कि चुनाव जीतने के बाद धार्मिक स्थल की याद नहीं आई। अब जब चुनाव नजदीक आया तब गांव-गांव घूमकर चंदा बांटने लगा है।

इसको भगाओ, इसको मारो। इसी बात पर विधायक के साथ दुर्व्यवहार करने वाले युवक और विधायक समर्थकों में जमकर मारपीट हुई। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जमकर कुर्सियां फेंकी। सकरा के विधायक अशोक चौधरी ने कहा कि मंदिर निर्माण को लेकर वह बैठक में गए थे। वहां पर अचानक एक युवक आया। वह नशे में दिख रहा था। वहां पर टेबल और कुर्सियां लगे हुए थे। युवक ने एक प्लास्टिक के टेबल को पटक दिया।इसके कारण थोड़ा अफरातफरी मची। भीड़ ने युवक को पकड़ लिया। उन्होंने भीड़ से युवक को बचाया। स्थानीय आयोजक ने इसकी सूचना सकरा पुलिस को दी। हंगामा को शांत कराने के बाद वह वहां से लौटे। उनके साथ किसी भी तरह का कोई घटना नहीं हुई है। वहां से निकलने के बाद वह कई जगह घूमते हुए अपने आवास पर आए।

# प्रयागराज में चौरफा जाम से बिगड़े हालात, लाखों लोग फंसे... मेला क्षेत्र में मौनी अमावस्या वाला प्लान लागू

महाकुंभनगर, 10 फरवरी [एजेंसी]।

कोई स्नान पर्व न होने पर भी प्रयागराज के महाकुंभ में गंगा स्नान के लिए देश के कोने-कोने से भीड़ उमड़ पड़ी है। ट्रेन और हवाई जहाज से आने में तो कोई समस्या नहीं, लेकिन निजी वाहनों और बसों से प्रयागराज पहुंचना मुश्किल हो गया है।स्थिति यह है कि हर घंटे सात से आठ हजार वाहन प्रयागराज पहुंच रहे हैं और आने वाले सभी मार्गों पर कई किलोमीटर वाहनों की कतार है। जगह-जगह जाम में रुकने के बाद रेंग-रेंग कर वाहन आगे बढ़ रहे हैं। यातायात सुचारु करने के लिए सीमावर्ती सभी जिलों के साथ दूसरे राज्यों में भी वाहनों को डायवर्ट किया जा रहा है।यहां से वापस हो रहे वाहनों की बड़ी संख्या से भी जगह-जगह जाम लग रहा है। 20 किलोमीटर की दूरी तय करने में लगभग आठ घंटे लग रहे हैं। निजी वाहनों से आने की मुख्य वजह राजमार्गों का सुदृढ़ होना बताया जा रहा है। महाकुंभ आने वाले नौ प्रमुख राजमार्गों को बेहतर किया गया है। महाकुंभ मेला क्षेत्र में गुरुवार से श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हुई जो निरंतर बढ़ती रही। शुक्रवार, शनिवार और उसके बाद अवकाश के दिन रविवार को तो यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई। रीवां-चित्रकूट, मिर्जापुर, वाराणसी, जौनपुर, लखनऊ, प्रतापगढ़, कानपुर, कौशांबी मार्ग से हर घंटे हजारों वाहन प्रयागराज में प्रवेश कर रहे हैं और उनकी लंबी-लंबी कतारें लगी हुई हैं। रविवार सुबह से ही नैनी, झूंसी, फाफामऊ से करीब 10 किलोमीटर पीछे तक वाहनों की कतार लगी रही।फतेहपुर में वाहनों को



रोकना पड़ रहा है। टोल प्लाजा से मिले वाहनों के डाटा के आधार पर पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रति घंटा वाराणसी मार्ग से 1500 से 1700 वाहन, रीवां-चित्रकूट मार्ग से 1800 से 2000 वाहन, लखनऊ मार्ग से 1500 से 2000 वाहन, मिर्जापुर मार्ग से 500 से 700 वाहन आ रहे हैं। इसी तरह जौनपुर, कौशांबी, प्रतापगढ़ सहित अन्य मार्गों से बड़ी संख्या में गाड़ियां आ रही हैं। 24 घंटे में ढाई से तीन लाख वाहनों के आने की बात कही जा रही है, जबकि इसी अनुपात में गाड़ियां वापस भी लौट रहीं हैं। ऐसे में सभी मार्गों, हाईवे पर यातायात का दबाव काफी बढ़ा है। भदोही में लालानगर टोल प्लाजा पर दिन भर जाम लगा रहा। पुलिस प्रशासन ने टोल को दिन में छह बार फ्री कराया।एसपी अभिमन्यु मांगलिक के अनुसार, प्रयागराज की ओर हाईवे से 24 घंटे में 40 हजार वाहन गए, जबकि वाराणसी की ओर 20 हजार वाहन गए। प्रयागराज शहर और महाकुंभ में जाम की स्थिति है। लोगों को 10 से 15 किमी तक पैदल चलना पड़ रहा है। महाकुंभ आ रहे वीआइपी की वजह से भी जाम की स्थिति बन रही है। ट्रैफिक एसपी नीरज पांडेय के अनुसार शहर और मेला क्षेत्र में मौनी अमावस्या वाला प्लान लागू किया गया है।

श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इसके लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। सभी पार्किंग स्थल के साथ ही होल्डिंग एरिया भी श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। महाकुंभ में जाने के लिए हाईवे पर वाहनों की कतार लगी हुई है। जबलपुर सिहोरा मार्ग में राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर काफी भीड़ है। सिहोरा-गांधीग्राम के पास मोहतरा स्थित टोल नाके पर लगभग दो किलोमीटर तक वाहनों की लंबी कतार लगी है। यातायात विभाग, एनएचआई व स्थानीय प्रशासन द्वारा प्रयागराज मार्ग बंद होने की सूचना अनाउंसमेंट से दी जा रही है।य ह स्थिति सिहोरा से कटनी मार्ग पर बनी हुई है। लोगों से वापस जाने का भी अनुरोध किया जा रहा है। कटनी में भी वाहनों को रोका जा रहा है। रीवा मार्ग पर चाकघाट में 28 किलोमीटर का लंबा जाम लगा हुआ है। जाम में फंसे लोगों का कहना है कि आठ घंटे में महज 20 किलोमीटर की ही दूरी तय कर पाए हैं। जबलपुर के सिहोरा और बरगी टोल से वाहनों को वापस भेजा जा रहा है।रविवार को जब भीड़ रेलवे स्टेशनों की ओर बढ़ी तो आपात प्लान की समीक्षा करते हुए रेलवे ने स्टेशन मार्ग पर डायवर्जन लागू कर दिया। हालात संभालने के लिए रेलवे ने लगातार विशेष ट्रेनों का संचालन किया और रात आठ बजे तक 102 विशेष ट्रेनें चलाई गईं। रात लगभग 12 बजे तक लगभग 150 विशेष ट्रेनों के चल जाने की संभावना है।

## दिल्ली की तरह हिमाचल में भी आपदा सरकार से जनता दुखी जयराम ठाकुर बोले- बस हर महीने ले रही है ऋण पर ऋण



**मंडी**। पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि दिल्ली की तरह हिमाचल में भी आपदा सरकार से जनता दुखी है। न तो कोई नए काम शुरू हो रहे हैं और न पिछली सरकार में शुरू हुए कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। ये सरकार हर माह ऋण पर ऋण लिए जा रही है और खर्च कहां किया जा रहा वो कहीं दिखाई नहीं दे रहा है।पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव से पूर्व झूठी गारंटियां देकर इन्होंने सत्ता तो हथिया ली लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी कोई गारंटी धरातल पर नहीं उतार पाए हैं। ऐसी ही झूठी गारंटी दिल्ली की आप सरकार ने दी थी और पांच साल पूरे होने पर भी जब ये गारंटियां पूरी नहीं हुई। उन्होंने कहा कि जनता को अब केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर ही भरोसा है।मंडी जिला में भी विकास को ग्रहण लग गया है। हमारी सरकार के कामों को भी सरकार ने आगे बढ़ने ही नहीं दिया। दो साल में मुख्यमंत्री अभी तक मंडी जिला में विकास कार्यों की समीक्षा करने तक नहीं आए। नेरचौक मेडिकल कालेज में व्यवस्था सुधारने के लिए न तो स्वास्थ्य मंत्री के पास रोगी कल्याण समिति की मीटिंग करने के लिए दो साल से वक्त मिल रहा है और न मुख्यमंत्री कोई सुध ले रहे हैं।

यही हाल लोक निर्माण और बिजली बोर्ड के कामकाज का है। कृषि और बागवानी विभागों में तो बिना बजट कई योजनाएं हांफ गई हैं। चार महीनों से सरकारी ट्रेजरी से लेनदेन बंद है। बिलासपुर में मुख्यमंत्री को कहना पड़ा कि एक सप्ताह में सारा बकाया जारी किया जाएगा। अब तो मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्रों में जाना ही बंद कर दिया है।

## थाई स्लिट ड्रेस पहनकर मोनालिसा ने इंटरनेट पर लगाई आग



भोजपुरी से टीवी इंडस्ट्री तक का सफर तय करने वाली एक्ट्रेस मोनालिसा आज किसी भी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अंदाज देखकर फैंस मंत्रमुग्ध हो गए हैं।

एक्ट्रेस मोनालिसा आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर अक्सर फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका कातिल अवतार इंटरनेट पर आते ही कहर बरपाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से छाने लगता है। साथ ही फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं।

इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने दो डोरी पर टिका बैकलेस गाउन पहना हुआ है, जिसमें वो काफी ज्यादा हॉट एंड ग्लैमरस नजर आ रही हैं। कानों में इयररिंग्स और ग्लैम मेकअप कर के एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने इस आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से निखारा है। ग्रीन कलर का रिवीलिंग गाउन पहने हुए एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं। उनकी इस हॉटनेस को देखकर लोग उनके हुस्न के कायल हो गए हैं।

# शरीर की सफाई के लिए पीएं ये डिटॉक्स ड्रिंक्स, रहेंगे स्वस्थ

सुबह का समय हमारे शरीर के लिए बहुत अहम होता है। यह वह समय होता है जब हम अपने दिन की शुरुआत करते हैं और अपनी सेहत का ख्याल रखते हैं।

कई लोग सुबह-सुबह डिटॉक्स ड्रिंक्स पीते हैं ताकि उनके शरीर से विषैले तत्व बाहर निकल सकें, लेकिन क्या वाकई ये ड्रिंक्स असरदार होती हैं?

आइए कुछ ऐसी डिटॉक्स ड्रिंक्स के बारे में जानते हैं, जो आपके शरीर को साफ करने समेत कई अन्य स्वास्थ्य लाभ दे सकती हैं।

नींबू पानी पिएं और ताजगी महसूस करें

नींबू पानी एक सरल और प्रभावी तरीका है, जिससे आप अपने दिन की शुरुआत कर सकते हैं।

इसमें विटामिन-सी भरपूर मात्रा में होता है, जो आपकी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ा सकता है और त्वचा को निखारता है।

एक गिलास गुनगुने पानी में आधा नींबू निचोड़कर पीने से आपका पाचन तंत्र भी बेहतर होता है।

यह आपके शरीर से विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे आप पूरे दिन तरोताजा महसूस करते हैं।

अदरक-शहद का मिश्रण आजमाएं

अदरक और शहद का मिश्रण भी एक बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक हो सकता है।

अदरक में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो सूजन कम करने में मदद करते हैं, जबकि शहद प्राकृतिक मिठास के साथ-साथ ऊर्जा भी प्रदान करता है।

इसे बनाने के लिए, एक कप गर्म पानी में थोड़ी-सी अदरक कदूकस करके डालें और उसमें एक चम्मच शहद मिलाएं।



यह मिश्रण आपके मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है और आपको स्फूर्ति प्रदान करता है।

खीरे-पुदीने का जल बनाएं

खीरा और पुदीना दोनों ही ठंडक देने वाले तत्व होते हैं, जो आपके शरीर को अंदर से ठंडा रखते हैं।

खीरे का जल बनाने के लिए कुछ खीरे के टुकड़े काटकर उन्हें पानी में डालें और उसमें कुछ पुदीने की पत्तियां मिलाएं। इसे रातभर फ्रिज में रखें ताकि सभी तत्व अच्छी तरह मिल जाएं।

सुबह इस जल को पीने से आपका पेट साफ रहता है और त्वचा पर निखार आता है।

हल्दी वाला दूध पीकर देखें

हल्दी वाला दूध या गोल्डन मिल्क आयुर्वेदिक दृष्टिकोण से बहुत फायदेमंद माना जाता रहा है।

हल्दी प्राकृतिक एंटीसेप्टिक होती है, जो संक्रमणों से लड़ती है, जबकि दूध कैल्शियम प्रदान करता है, जो हड्डियों के लिए अच्छा होता है।

इसे बनाने के लिए गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर रातभर छोड़ दें या सुबह-सुबह इसका सेवन करें ताकि आपका शरीर विषैले तत्वों से मुक्त रहे और आपकी प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे।।

नारियल पानी पिएं

नारियल पानी प्राकृतिक इलेक्ट्रोलाइट्स का बेहतरीन स्रोत है। इसमें पोटैशियम जैसे मिनरल्स होते हैं, जो शरीर को हाइड्रेटेड रखने में मदद करते हैं।

नारियल पानी पीने से आप तरोताजा महसूस करते हैं और यह आपकी त्वचा को निखारता है।

रोज सुबह खाली पेट इसे पीने से मेटाबॉलिज्म बढ़ सकता है, जिससे शरीर की ऊर्जा बनी रहती है।

यह आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है और आपको दिनभर सक्रिय बनाए रखता है।

# टमाटर किसे नहीं खाने चाहिए? ये 5 लोग भूलकर न लगाएं हाथ

सब्जी से लेकर पिज्जा तक हर चीज में टमाटर का इस्तेमाल होता है. इससे न केवल सब्जी की ग्रेवी का स्वाद दोगुना हो जाता है बल्कि अलग ही फ्लेवर मिलता है. कुछ लोग सलाद में भी टमाटर खाना पसंद करते हैं. लेकिन क्या आपको पता है टमाटर कुछ लोगों की सेहत कि लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है. टमाटर एक एसिडिक फल है. आयुर्वेद के अनुसार किसे टमाटर नहीं खाने चाहिए? आइए जानते हैं इसके बारे में.

पथरी के मरीज

किडनी स्टोन (पथरी) के मरीजों को टमाटर नहीं खाने चाहिए. टमाटर में ऑक्सलेट होते हैं. इसकी वजह से पथरी का खतरा बढ़ जाता है. अगर आपको किडनी स्टोन है, तो टमाटरों को बिल्कुल न खाएं. अगर आपको पथरी के लक्षण भी नजर आ रहे हैं तो इसे खान से बचें. अगर आपको पहले कभी यह समस्या रह चुकी है, तो भी टमाटर कम खाएं.

गैस की समस्या

जिन लोगों को गैस की समस्या रहती है, उन्हें भी टमाटर खाने से



बचना चाहिए. टमाटर ज्यादा खाने से इन लोगों में गैस की परेशानी बढ़ सकती है, जिसके कारण पेट में दर्द और पेट फूलने की समस्या भी होने लगती है. इसलिए जिन लोगों को गैस बनती है, उन्हें टमाटर नहीं खाना चाहिए.

हार्ट बर्न

जिन लोगों को एसिडिटी या हार्ट बर्न की समस्या रहती है, तो उसे टमाटर नहीं खाना चाहिए. टमाटर का नेचर एसिडिक होता है. इसलिए इसे खाने से एसिडिटी की समस्या और बढ़ सकती है. खासकर उन व्यक्तियों को जिन्हें जीईआरडी (गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स रोग) या आईबीएस (चिड़चिड़ा आंत्र सिंड्रोम) है, उन्हें भी टमाटर नहीं खाना चाहिए.

जोड़ों का दर्द

जिन लोगों को जोड़ों में दर्द रहता है या गठिया की समस्या है, उन्हें सीमित मात्रा में ही टमाटर खाना चाहिए. टमाटर ज्यादा मात्रा में खाने से जोड़ों में सूजन बढ़ सकती है, जिसके कारण दर्द और तेज हो जाता है. इसलिए गठिया के मरीजों को टमाटर का सोच-समझकर ही सेवन करना चाहिए.

एलर्जी

जिन लोगों को स्किन एलर्जी कि दिक्कत रहती है उन्हें टमाटर का सेवन नहीं करना चाहिए. टमाटर स्किन एलर्जी और रैशेज को और बढ़ा सकता है.

साथ ही, अगर स्किन डिसकलरेशन, यानी स्किन का रंग बदलने की समस्या हो, तो भी टमाटर नहीं खाना चाहिए. इसलिए एलर्जी जब तक नहीं होती, तब तक इसे बिल्कुल न खाएं.

## वर्धन पुरी और कावेरी कपूर स्टारर बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी का ट्रेलर आउट



दिवंगत अभिनेता अमरीश पुरी के पोते वर्धन पुरी और शेखर कपूर की बेटी कावेरी कपूर की अपकमिंग मूवी 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' के ट्रेलर को निर्माताओं ने शनिवार को जारी कर दिया है। वर्धन और कावेरी स्टारर यह फिल्म जुनून, रोमांस के साथ खूबसूरत कहानी को पेश करती है।

'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' फिल्म कैम्ब्रिज की पृष्ठभूमि पर आधारित है और बॉबी (कावेरी कपूर) और ऋषि (वर्धन पुरी) की खूबसूरत कहानी को दिखाती है, जिसमें कई मुश्किलें, संयोग, प्रेम और कई विचार भी हैं।

फिल्म के बारे में बात करते हुए वर्धन पुरी ने कहा, मैं हमेशा से कुणाल सर की फिल्मों का बहुत बड़ा प्रशंसक रहा हूं और हमेशा से उनके साथ काम करने की इच्छा रखता था। मुझे खुशी है कि 'बॉबी और ऋषि की लव स्टोरी' में यह इच्छा पूरी हुई।

उन्होंने आगे बताया, मुझे याद है कि मैंने हम तुम को इसके रिलीज के दौरान छह बार देखा था और यह फिल्म मुझे आज भी आकर्षित करती है, जो दिखाता है कि उनका निर्देशन और विजन कितना प्रासंगिक और शानदार है। मैं इस तरह की मजेदार फिल्म का हिस्सा बनकर खुद को सौभाग्यशाली मानता हूं, जिसने मुझे प्यार की ताकत के बारे में बहुत कुछ सिखाया।



## आलिया-कैटरीना, श्रद्धा और यामी के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा: नितांशी गोयल

किरण राव की फिल्म 'लापता लेडीज' में अपने किरदार 'फूल' से लोगों का दिल जीतने वाली अभिनेत्री नितांशी गोयल को आईफा में सर्वश्रेष्ठ मुख्य भूमिका (महिला) पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया गया है। अभिनेत्री का मानना है कि आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, यामी गौतम और श्रद्धा कपूर जैसे नामों के साथ नॉमिनेट होना सपना सच होने जैसा है। नितांशी ने कहा, यह नॉमिनेशन मेरी कल्पना से परे है। मैं इस सम्मान के लिए जूरी की वास्तव में आभारी हूं और ऐसे अविश्वसनीय रूप से प्रतिभाशाली अभिनेताओं के साथ लिस्ट में शामिल किए जाने पर सम्मानित महसूस कर रही हूं, जिन्हें मैं वर्षों से देखती आई हूं। अभिनेत्री ने कहा, किसी भी चीज से ज्यादा मैं दर्शकों से मिले प्यार और प्रोत्साहन के लिए बहुत आभारी हूं। हर संदेश और हर बार जब कोई मुझे पहचानता है, यह सब मेरे लिए बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा, आलिया भट्ट, कैटरीना कैफ, श्रद्धा कपूर और यामी गौतम के साथ नॉमिनेट होना पहले से ही एक सपना सच होने जैसा है और मैं इस पल के लिए यूनिवर्स के प्रति अपना आभार व्यक्त कर सकती हूं। किरण राव के निर्देशन में बनी 'लापता लेडीज' को पिछले साल ऑस्कर 2025 के लिए सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म श्रेणी में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना गया और प्रस्तुत किया गया था। 'लापता लेडीज' दो दुल्हनों की ताकत की कहानी को बखूबी पर्दे पर उतारती है। दोनों ट्रेन में अपने परिवार से अलग हो जाती हैं, दोनों के दूल्हे अलग-अलग होते हैं। गलतफहमी और खास मैसेज के साथ फिल्म की कहानी को पर्दे पर बखूबी उतारा गया है। 'लापता लेडीज' आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनी है, जिसकी पटकथा बिप्लब गोस्वामी की एक पुरस्कार विजेता कहानी पर आधारित है।

## विदामुयार्ची बनाम थंडेल, अजित कुमार की फिल्म की कमाई 66 फीसदी नीचे गिरी

अजित कुमार स्टारर फिल्म विदामुयार्ची ने बॉक्स ऑफिस पर अपने दो दिन पूरे कर लिए हैं. विदामुयार्ची ने 26 करोड़ रुपये (अनुमानित) से खाता खोला था और फिल्म ने नॉर्थ अमेरिका में मोटी कमाई की थी. वहीं, ओपनिंग डे पर धमाका करने के बाद अजित की फिल्म दूसरे दिन कमाई में ढेर हो गई है. फिल्म की कमाई में वीकेंड पर बड़ी गिरावट दर्ज हुई है. मागीज़ थिरुमेनी के निर्देशन में बनी फिल्म विदामुयार्ची बीती 6 फरवरी को रिलीज हुई थी और फिल्म ने पहले ही दिन उम्मीद से ज्यादा बिजनेस किया था. विदामुयार्ची ने दूसरे दिन कितना किया कलेक्शन और कितनी आई गिरावट आइए जानते हैं. सैकनिल्क के अनुसार, फिल्म ने पहले दिन 26 करोड़ रुपये का कारोबार किया है. फिल्म ने तमिल में 25.5 करोड़ रुपये और तेलुगू में 0.5 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है. वहीं, सैकनिल्क की ही मानें तो फिल्म ने दूसरे दिन 8.75 करोड़ रुपये का इंडिया में नेट कलेक्शन किया है.

## शब्द सामर्थ्य -322

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. बिजली, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 321 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| ब | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | ब | न | ■ | गु | रु | वा | र |

लेकिन कांग्रेस को नुकसान ज्यादा..कांग्रेस ने रैली निकाल मतदाओं को लुभाने की कोशिश.. भीतरघातियों का खतरा...

# निर्दलीय प्रत्याशी ने उड़ाई कांग्रेस और भाजपा की नींद







**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिला की पटना नगर पंचायत चुनाव की वोटिंग के लिए अब केवल महज दो दिन ही शेष है। ऐसे में दोनों राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस और भाजपा के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी अपनी ताकत झोंक दी है। कांग्रेस से जहां श्रद्धा प्रकाश पांडेय उम्मीदवार हैं तो वहीं भाजपा ने पूर्व सरपंच गायत्री सिंह पर दांव खेला है। लेकिन निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रैशुन कुरैशी पिंटू और पिंकी अखिलेश गुप्ता भी अपनी नुख्ता आजमाइश में लगे है। जिसमे रैशुन कुरैशी पिंटू जो पूर्व विधायक अम्बिका सिंह देव के करीबी व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कांग्रेस जिलाध्यक्ष रियाज कुरैशी की पत्नी मुस्लिम वोटरों के माध्यम से पूरी ताकत के साथ मैदान में नजर आ रही हैं। मुस्लिम समुदाय का वोट कांग्रेस का परम्परागत वोट रहा है, ऐसे में रैशुन कुरैशी पिंटू के निर्दलीय चुनाव में उतरने के बाद कांग्रेस को अच्छा खासा नुकसान होता नजर आ रहा है। वहीं इसका सीधा लाभ भाजपा प्रत्याशी को मिलते दिख रहा है। हालांकि 3 पंच वर्षीय पति देवेंद्र सिंह और पत्नी के रूप में गायत्री सिंह सरपंच के रूप में काम करने की वजह से एंटी इनकम्बेंसी फैक्टर भी नजर आ रहा है। लेकिन रैशुन कुरैशी पिंटू के कांग्रेस के वोट बैंक में सेंधमारी से इसकी भरपाई होती नजर आ रही है। निर्दलीय प्रत्याशी के पिंकी अखिलेश गुप्ता ने भी अपने अनूठे प्रचार से बाकी उम्मीदवारों के नाक में दम कर रखा है।

**कांग्रेस की कमान यवत के जिम्मे**

पटना नगर पंचायत के चुनाव में कांग्रेस ने सर्वे सर्वा के रूप में यवत सिंह को आगे किया हुआ है। यवत सिंह की पसंद पर ही अध्यक्ष के साथ पार्षद उम्मीदवारों को तरजीह दी गई है। उन्होंने पार्टी के लोगों को एकजुट कर कांग्रेस प्रत्याशियों के लिए पूरी ताकत के साथ काम किया है अब देखना है कि पटना नगर पंचायत क्षेत्र में उनका पुराना जादू बरकरार है यह खत्म हो चुका है यह परिणाम के बाद ही पता चलेगा।

**भाजपा जिलाध्यक्ष घूम रहे डोर टू डोर, संघ का मिला साथ**

भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र तिवारी भिलाई रणनीति के साथ पटना नगर पंचायत क्षेत्र में डोर टू डोर अपने कार्यकर्ताओं के साथ घूम कर भाजपा प्रत्याशियों का प्रचार कर रहे हैं वहीं इस चुनाव में संघ व विहिप का भी भरपूर साथ है।

**दोनों राष्ट्रीय दलों में भितरघातियों का खतरा**

पटना नगर पंचायत चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों दलों को भितरघातियों का सामना भी करना पड़ रहा है। दरअसल पटना नगर पंचायत सीट अनारक्षित महिला के लिए होने के बाद भी भाजपा ने यहां से अजजा वर्ग की महिला को चुनाव में उतारा है। जिसके बाद सामान्य वर्ग के जिन लोगों ने दावेदारी की या चुनाव लड़ने की मंशा बनाई थी, अब वह अपनी नापसंद की वजह से भाजपा प्रत्याशी को हराने की जगत में लगे हुए हैं। यही हाल कांग्रेस में भी है जिन लोगों ने दावेदारी की थी टिकट नहीं मिलने के बाद वह भी कांग्रेस की खटिया खड़ी करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

**प्रचार के अंतिम दिन रैली**

कांग्रेस ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन पटना क्षेत्र में रैली निकाली, उम्मीद से कम भीड़ वाली इस रैली में कांग्रेस ने पूरी ताकत दिखाने का प्रयास कर मतदाताओं को लुभाने की हर कोशिश की है। लेकिन कांग्रेस के कई नेताओं का यह कहना रहा कि रैली निकालने की टाइमिंग सही नहीं है, अंतिम दिन अध्यक्ष के साथ पार्षद उम्मीदवारों को डोर टू डोर जाने का टाइम रैली की वजह से नहीं मिल पाएगा। जिसका पार्टी को नुकसान भी हो सकता है।निर्दलीय रैशुन कुरैशी पिंटू ने भी रैली निकाल अपना माहौल दिखाने की कोशिश की।

## पेपर गैंग ने महिला के पर्स से उड़ाया 6 लाख का सोना

**रायपुर।** रेलवे सुरक्षा बल, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के द्वारा यात्री संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु यात्री सामानों की चोरी से प्रभावित गाडियों का विश्लेषण करते हुए अपराध गुप्तचर शाखा, बिलासपुर के द्वारा लगातार गुप्त निगरानी की जा रही थी।

इसी क्रम में 07 फरवरी, 2025 को गाड़ी संख्या 58214 (टिटलागढ़ पैसेंजर) में एक महिला यात्री के बैग से करीबन 7 तोला सोने की आभूषण कीमत लगभग 6,00,000 (छः लाख) रूपये की चोरी होने की रेल मदद के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई। यात्री द्वारा जीआरपी, रायगढ़ में एफआईआर दर्ज कराया गया। प्राप्त शिकायत पर कर्मपाल सिंह गुर्जर, अपराध गुप्तचर शाखा, बिलासपुर, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट, बिलासपुर एवं कोरबा की तत्काल एक टीम गठित की गई और शिकायतकर्ता द्वारा बताए गए हुलिए के आधार पर सीसीटीवी फूटेज और अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग करते हुए दिनांक 08 फरवरी, 2025 को कर्मपाल सिंह गुर्जर, निरीक्षक अपराध गुप्तचर शाखा, बिलासपुर एवं उनकी टीम द्वारा मामले में संलिप्त 5 आरोपियों को किरोड़ीमल नगर, रायगढ़ से चोरी किए गए कुल-6,00,000 रूपये की संपत्ति के साथ गिरफ्तार किया गया।

## सशस्त्र सुरक्षा बल सिलीगुड़ी ने न्यू स्पोर्टिंग क्लब चर्चा को 2-1 से हराया





### सिलीगुड़ी की लगातार दूसरी जीत मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिलीगुड़ी के अभिमन्यु पाल को स्टेडियम में हजारों की संख्या में पहुंच रहे हैं खेल प्रेमी

**चरचा कॉलरी।** महाजन स्टेडियम में आयोजित 49 वा अखिल भारतीय सेशन स्मृति गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के आठवे दिन रविवार को टूर्नामेंट का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच न्यू स्पोर्टिंग क्लब चरचा (छत्तीसगढ़) और सशस्त्र सुरक्षा बल सिलिगुड़ी (पश्चिम बंगाल) के बीच खेला गया इस,मैच के मुख्य अतिथि डीएसपी श्याम मधुकर, आर आई नितीश नायक, खान सुरक्षा अधिकारी एम आर मांडवी, जीएम गुप्ता, डॉ राजेंद्र बंसरिया, थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत कराई।

मैच के पहले हाफ में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल दिखाया, मैच प्रारंभ के 10 मिनट में सिलिगुड़ी पश्चिम बंगाल के खिलाड़ी जर्सी नंबर 12 रंदीप दास ने शानदार गोल कर 1-0 से बढ़त बनाया। न्यू स्पोर्टिंग क्लब चरचा टीम ने लगातार दबाव बनाकर गोल करने का प्रयास करता रहा परंतु सिलिगुड़ी टीम के गोलकीपर ने सूझबूझ के साथ गोल रोकने में सक्षम रहा। मध्यांतर के पूर्व न्यू स्पोर्टिंग क्लब चरचा को गोल करने का एक शानदार सुनहरा अवसर मिला जिसे चरचा टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 16 नितेश कुमार ने गोल कर टीम को बराबरी पर खड़ा कर दिया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम न 1-1 कि बराबरी पर रही मध्यांतर के पश्चात न्यू स्पोर्टिंग क्लब चरचा को कई मौका मिला परन्तु दुसरा गोल करने से चुकते रहे।सीमा सुरक्षा बल सिलिगुड़ी (पश्चिम बंगाल) को दुसरा गोल करने करने का मौका मिला तो जर्सी नंबर 9 ने गोल कर 2-1 कि बढ़त बनाई और यह बढ़त अंत तक कायम रही।

स्थानीय चर्च की टीम के मैच होने की वजह से इस रोमांचक मैच को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक मैदान पर मौजूद रहे फुटबॉल प्रेमी महिलाओं की संख्या दिन पर दिन बढ़ते जा रही है । मैच समाप्त होने के 5 मिनट पूर्व सिलीगुड़ी के जर्सी नंबर 9 के खिलाड़ी को मुख्य निर्णायक द्वारा रेड कार्ड दिखाकर बाहर किया गया। इसी के साथ सीमा सुरक्षा बल सिलिगुड़ी (पश्चिम बंगाल) ने 2-1 से न्यू स्पोर्टिंग क्लब चरचा को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। इस मैच के मुख्य निर्णायक दीपेश डे, भगवान राम, चंदन बेहरा, रूपेश कुमार सिंह और मैच कमिश्नर अनिल कचरे रहे। मैच समाप्ति पर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार सिलीगुड़ी टीम के खिलाड़ी जर्सी नंबर 6 अभिमन्यु पाल को मुख्य अतिथि के हाथों दिया गया। मंच संचालन मोहम्मद रियाज के द्वारा किया गया।

## अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले मामले में काठाडीह निवासी सजमन तांडी 38 वर्ष ने टिकरापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक आरजे 20 एचएस 1292 को गोकुल नगर शराब दुकान के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में ग्राम खिसोरा निवासी संजय कुमार साहू 40 वर्ष ने गोबरानवापारा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलडी 7943 को संजीवनी अस्पताल के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

***रायपुर।** संतोषीनगर खमतराई में जेवर साफ करने का झांसा देकर अज्ञात 6 आरोपियों ने जेवर लेकर फरार हो गए।

## मुनाफा कमाने का झांसा देकर 31 लाख से अधिक की ठगी

**रायपुर।** शेयर बाजार में मुनाफा कमाने का झांसा देकर 31 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी इंद्रमोहन सिंघल 70 वर्ष अशोका रतन मोवा का रहने वाला है। प्रार्थी ने मोवा थाना में शिकायत किया कि मोबाइल धारक क्रमांक 77381-63096 से उसका परिचय इंस्टाग्राम के माध्यम से हुआ। जिससे आरोपी ने शेयर बाजार में ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा देकर एक एप भेजा और अपने बताए खाता में 31 लाख 54 हजार 430 रुपए जमा करवा कर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर मोवा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## 6 लाख से अधिक की धोखाधड़ी

**रायपुर।** एसडीएफएम का लिंक भेजकर 6 लाख से अधिक की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महावीर प्रसाद तावणिया 41 वर्ष हमीन कोटरी कचना का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका परिचय वाट्सअप के माध्यम से अज्ञात मोबाइल धारकों से हुआ। आरोपियों नेग प्रार्थी को सेंडर्स ग्रुप एवं एलिईएनजेड ग्लोबल इंवेस्टर में पैसा लगाने पर अधिक लाभांश का प्रलोभन देकर लिंक भेजकर एसडीएफएम का एप भेजकर अपने बताएं खाता में 3 बार में 6 लाख 90 रुपए जमा करवाकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर खम्हारडीह पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**रायपुर।** शादी का प्रलोभन देकर युवती से दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। बीरगांव निवासी 26 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि आरोपी करण सिंह 30 वर्ष ने प्रार्थिया को शादी का झांसा देकर टाटीबंध स्थित होटल में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। प्रार्थिया की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है।

## इक्लेक्टिका 25 के दूसरे दिन मे कला, संगीत और संस्कृति का हुआ भव्य आयोजन

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर की संस्कृति - सांस्कृतिक समिति ने 7 से 9 फरवरी तक इक्लेक्टिका'25, मध्य भारत के सबसे बड़े वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया।

स्टूडेंट वेलफेयर के डीन डॉ. नितिन जैन के मार्गदर्शन में इस तीन दिवसीय भव्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 8 फरवरी को महोत्सव के दूसरे दिन की शुरुआत उत्साहपूर्ण और रोमांचक कार्यक्रमों के साथ हुई। इक्लेक्टिका आइडल में विभिन्न प्रतिभाशाली गायकों ने अपनी सुरमयी आवाज़ से समा बांध दिया, जिससे पूरा माहौल संगीतमय हो उठा। उनकी मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियों ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इस प्रतियोगिता में नेहा निहारीकर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अमाराम मधु ने दूसरा स्थान हासिल किया। गूँज - नुक्कड़ नाटक में प्रतिभागियों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में अभिनय - द ड्रामेटिक क्लब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अभिनय क्लब ने इंसान की मंडी' शीर्षक नाटक का मंचन किया, जिसमें मानव तस्करी जैसे ज्वलंत सामाजिक विषय को प्रभावशाली तरीके से उजागर किया गया, जिससे दर्शकों पर गहरा प्रभाव पड़ा वहीं राजभाषा समिति ने अपने प्रभावशाली नाटक खामोशी के मुखौटे' के साथ दूसरा स्थान प्राप्त किया, जिसमें अवसाद, एलजीबीटीक्यू जैसे युवा संघर्षों को संबोधित किया गया। महोत्सव में मनोरंजन के लिए पेपरटोपिया, स्लो साइक्लिंग, अंताक्षरी और फेस पेंटिंग जैसी रोचक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जिन्होंने प्रतिभागियों का खूब मनोरंजन किया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए गो ग्रीन समिति ने प्लास्टिक हंट प्रतियोगिता का आयोजन किया।

## भाजपा ने रायपुर नगर निगम के लिए 36 बिंदुओं का घोषणा पत्र किया जारी

**रायपुर।** नगरीय निकाय चुनाव में मतदान से दो दिन पहले भारतीय जनता पार्टी ने राजधानी रायपुर के लिए 36 बिंदु में अलग से घोषणा पत्र जारी किया है. इस दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने रायपुर के पिछले पांच साल के कांग्रेस कार्यकाल को भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी का बताते हुए भाजपा के नेतृत्व में आने वाला 5 सुनहरे सालों का वादा किया. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने घोषणा पत्र जारी करते हुए कहा कि दिल्ली में 27 साल के बाद बीजेपी की सरकार बनी है. सबको आजमाने के बाद बीजेपी की सरकार को जनता ने चुना है. हम रायपुर नगर निगम के साथ सभी नगर निगम पालिका और पंचायत जीतकर आएंगे. रायपुर के लोगों ने पिछले पांच साल भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी देखी है. आने वाले 5 साल रायपुर के लिए सुनहरे साल होंगे।

0-सार्वजनिक स्थलों बाजार एवं मुख्य मार्ग के आस पास महिलाओं के लिए पिंक टायलेट का निर्माण एवं पुरुषों के लिये प्रसाथिका निर्माण एवं समुचित रख रखाव किए जाएगा।

0-दिव्यांग जन हेतु सार्वजनिक भवनों में बाधा रहित वातावरण बना कर दिव्यांगजनों की सुविधा का ध्यान रखा जायेगा। साथ ही मोटराइज्ड ट्राईसिकल उपलब्ध कराए जायेंगे।

0-नगरनिगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध कालोनी में सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्था हेतु आवश्यक कदम उठाकर अवैध कालोनी को नियमानुसार नियमित कर मूलभूत सुविधा उपलब्ध (सड़क, बिजली, पानी) कराई जायेगी।

0-रायपुर नगर निगम क्षेत्र में विद्यालय एवं महाविद्यालय में मुफ्त वाई फाई की सुविधा सुनिश्चित करेंगे। 0-माय सिटी ऐप' लांच कर प्रत्येक जोन कार्यालय में एकीकृत सेवा केन्द्र की स्थापना करेंगे, जिससे सरकार की जन कल्याणकारी योजना को जनता तक पहुंचाया जा सके और जनता सीधे योजना का लाभ ले सके।

0-विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं के लिये फ्री सैनेटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चत करेंगे। ताकि उनकी स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरतों का ध्यान रखा जा सके।

0-रायपुर में कामकाजी महिलाओं के लिये मौजूदा हास्टलों की सेवाओं और सुविधाओं का विस्तार करेंगें।

0-मोर क्लिनिक स्थापित करेगें जो प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के साथ-साथ आवश्यक पडने पर रेफरल केन्द्र के रूप में भी कार्य करेगें ताकि हर नागरिक का सुलभऔर प्रभावी स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

0-रायपुर नगर निगम क्षेत्र में रोजगार मूलक स्किल डेवेलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएंगे जिससे युवक एवं युवतियों के लिये उद्यम, व्यक्तित्व विकास और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

0-समाधान योजना के माध्यम से बिना जुर्माना या ब्याज लगाये पुराने सम्पत्ति कर के लिये एक मुश्त निपटारा कर भूमि/भवन स्वामी को राहत दिया जायेगा।

0-सर्वसुविधा युक्त आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र बनाये जायेगें। जहां बच्चों ओर माताओं के पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी साथ ही स्तनपान हेतु सुरक्षित स्थान की व्यवस्था की जायेगी।

0-सभी सड़कों पर उचित प्रकाश व्यवस्था कर नो-डार्कनेस सुनिश्चित करेंगे।

0-महिला स्वयं सहायता समूह को आर्थिक संबल दिया जायेगा।

0-हम रायपुर में महत्वपूर्ण सीवेज और जल निकासी समस्याओं को हल करने के लिए एक समग्र और सतत दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिसके लिए सभी क्षतिग्रस्त सीवरेज और जल निकासी पाइपलाइनों को बदलेंगे और उनके सही रख-रखाव को सुनिश्चित करेंगे ताकि प्रणाली स्वस्थ और सतत बनी रहे।

0-जलभराव को रोकने, लार्वा के प्रजनन को रोकने और नियमित रूप से कीचड़ हटाने के लिए समर्पित सीवेज अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे, जिससे जल निकासी क्षमता बहाल हो और जल प्रवाह में सुधार हो।

0-विश्वकर्मा ठीहा योजना के तहत कारीगरों, परंपरागत व्यवसायों, असंगठित उत्पादक कार्य दो केवल ऋण ही नहीं बल्कि अपना कारोबार चलाने के लिये निकाय अंतर्गत बाजार और उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराया जायेग

0-गोकुल कर का विस्तार करेंगें ताकि गोवंश संरक्षण, उनकी देखभाल और आवास के लिये बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सके।

0-श्रद्धांजलि योजना के तहत 500 की वृद्धि कर हितग्राही को 2500 प्रदान करेंगें ताकि कठिन समय मे आर्थिक संबल मिल सके।

0-बाल संरक्षण हेतु आवश्यक कदम उठाएंगे। 0-जलभराव को रोकने, लार्वा के प्रजनन को रोकने और नियमित रूप से कीचड़ हटाने के लिए समर्पित सीवेज अधिकारियों की नियुक्ति करेंगे, जिससे जल निकासी क्षमता बहाल हो और जल प्रवाह में सुधार हो। 0-हम सबका साथ, सबका विकास में विश्वास करते हैं और शहरी गरीबों को बेहतर जीवन गुणवत्ता और सतत आजीविका के लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई स्लम क्षेत्रों में, जैसे शक्ति नगर, शिवाजी नगर और महाराजबंध में, बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

0-शहरी बाढ़ और प्रदूषण से बचाव के लिए उन्नत वर्षा जल प्रबंधन समाधान लागू करेंगे, जिसके लिए अलग से वर्षा जल निकासी नेटवर्क विकसित करेंगे, जिसमें वास्तविक समय बाढ़ सेंसर्स लगे होंगे ताकि शहरी बाढ़ और प्रदूषण से बचाव हो सके।

0-जल निकासी की निगरानी के लिए प्रौदोगिकी का अधिक उपयोग करेंगे, जिसमें ऑनलाइन सिस्टम लागू करना शामिल होगा, ताकि जल निकास की स्थिति का वास्तविक समय में पता चल सके।

0-तालाबों में घरेलू स्रोतों से आने वाले जल और कचरे का उपाय करेंगे और वर्षा जल निकासी में सुधार करेंगे। साथ ही प्रत्येक तालाब के लिए प्रभावी प्रणाली स्थापित करेंगे और इसे स्ज्ञक्क से जोड़ेंगे ताकि तालाब स्वच्छ हो सके।

0-रायपुर में जल प्रदूषण के कारण पीलिया, डायरिया जैसे बीमारियों को नियंत्रित कर समस्या हल करने के लिए निर्णायक कदम उठाएंगे, खासकर लभांडी क्षेत्र में। 0-वर्षा बाग डिजाइन करेंगे ताकि वर्षा जल को स्वाभाविक रूप से कैप्चर और फ़िल्टर किया जा सके, जिससे जल निकासी और शहरी सौंदर्य में सुधार हो सके। 0-वायरों के जंजाल से मुक्ति हेतु चरणबद्ध तरीके से अंडरग्राउंड केबलिंग के कार्य किए जाएँगे।

### अवैध शराब के साथ तीन कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर।** शहर के उरला और मंदिरहसौद पुलिस के टीम ने अवैध शराब के साथ तीन कोचियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 85 पाव देशी शराब जब्त किया है। उरला पुलिस ने सिंघानिया चौक के पास आरोपी शुभम पांडे 24 वर्ष और माईकल मसीह 29 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## राजधानी में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण एवं बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता होगी- डॉ. सितारा खान

**रायपुर।** बहुजन समाज पार्टी की महापौर प्रत्याशी डॉ. सितारा खान ने प्रेस क्लब रायपुर में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया की महापौर चुनाव जीतने के बाद राजधानी में बढ़ते अपराधों पर नियंत्रण महिला सुरक्षा एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। एलएलएम पीएचडी धारक डॉ. सितारा ने बताया कि अवैध रूप से मिलने वाले हथियार नशीले पदार्थो की बिक्री पर रोक, बिजली पानी सफाई व्यवस्था कायम करना, आईटी हब का निमार्ण, चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार, गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना आदि उनके कार्या की सूची में महत्वपूर्ण कार्यो को करवाने में शामिल रहेगा।

## वंदेभारत ट्रेन को लेकर बड़ा अपडेट जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से मध्यप्रदेश का सफर करने वाले यात्रियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। रेलवे जल्द ही रायपुर से जबलपुर तक वंदेभारत ट्रेन की शुरुआत करने जा रहा है, जो रायपुर वाया गोंदिया जबलपुर तक चलेगी। ट्रेन की तैयारियों को लेकर रेलवे ने एक इंटरनल नोटिफिकेशन जारी किया है. ये ट्रेन हफ्ते में 6 दिन जबलपुर-रायपुर-जबलपुर संचालित होगी। इंटरनल नोटिफिकेशन जारी हुआ है उसके मुताबिक रायपुर से जबलपुर के लिए यह वंदे भारत एक्सप्रेस शुक्रवार छोड़कर हफ्ते के बाकी सभी दिनों में संचालित होगी। यह ट्रेन रायपुर से दोपहर 1.20 बजे चलकर दुर्ग 2.10 बजे, 2.29 बजे राजनांदगांव, 3.55 बजे गोंदिया, 4.29 बजे बालाघाट, 5.44 बजे नैनपुर पहुंचेगी। इसके बाद कछपुरा, मदन महल होते हुए रात 8.15 बजे जबलपुर मुख्य स्टेशन पहुंचेगी। अगले दिन सुबह 5 बजे जबलपुर से रवाना होगी और 5.12 बजे मदन महल पहुंचेगी, इसके बाद 5.26 बजे कछपुरा, 6.49 बजे नैनपुर, 8.08 बजे बालाघाट, 9.10 बजे गोंदिया, 10.24 बजे राजनांदगांव, 11.12 बजे दुर्ग और 11.55 बजे रायपुर पहुंचेगी।

## व्यय प्रेक्षक ने चुनाव लड़ रहे पार्षद प्रत्याशियों के लेखा रजिस्ट्रों की जांच की

**रायपुर।** व्यय प्रेक्षक सुशील गजभिये द्वारा लेखा परीक्षण की द्वितीय तिथि 7 तक प्रस्तुत किए गए रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी अभ्यर्थियों के लेखा रजिस्टरों की जांच रायपुर नगर निगम के लिए गठित व्यय अनुवीक्षण व लेखा परीक्षण टीम के साथ कार्यालय जिला पंचायत के व्यय अनुवीक्षण सेल में व्यय प्रेक्षक द्वारा किया गया। तथा समक्ष में व्यय अनुवीक्षण टीम को परिणामों की घोषणा के पश्चात अंतिम लेखा प्राप्त करने हेतु आयोग की गाइडलाइन और दिशा निर्देशों के अनुरूप उचित रीति से अभ्यर्थियों द्वारा लेखा लिए जाने एवं आवश्यक तैयारियों के संबंध में सभी व्यय संपरीक्षकों को निर्देश व्यय प्रेक्षक द्वारा दिए गए।

## महिला कर्मियों की पदोन्नति को लेकर बीकेकेएमएस गंभीर

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में महिला कर्मियों को पदोन्नति दिलाने के लिए बीकेकेएमएस काफी लंबे समय से प्रयास कर रहा है। इस मामले को कई बार आईआर बैठक में भी उठाया गया है। प्रबंधन के द्वारा आश्वासन तो मिलता है लेकिन अभी तक महिलाएं पदोन्नत नहीं किए गए हैं। बीकेकेएमएस के शैलेंद्र सिंह, ललीन पवार, संजय सिंह, मिनीलाल साहू का कहना है कि अब बीकेकेएमएस इस मामले को एरिया के साथ-साथ मुख्यालय में भी रखेगा ताकि महिलाओं को पदोन्नति का लाभ मिल सके। एक ही पद में काम करने से वेतन का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

## अवैध कब्जा हटाने निगम चलायेगा अभियान

**कोरबा।** शहरी क्षेत्र में अवैध कब्जा को हटाने का काम जारी है। निकाय चुनाव निपटने के बाद नगर निगम इस दिशा में और तेजी से अभियान शुरू करेगा। इसके लिए कार्य योजना बना ली गई है। पिछले दिनों कोरबा नगर के बुधवारी बाजार ओपन थियेटर समेत आसपास फुटपात को अतिक्रमण मुक्त किया गया और यहां रेलिंग लगा दी गई। लोगों के उपयोग के लायक इसे बनाया जा रहा है। शहर के कुछ और भी हिस्सों में निरीक्षण करने पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया गया है जिससे सुंदरता प्रभावित हो रही है। निगम ने तय कर लिया है कि इस प्रकार के किसी भी निशानियों को नहीं रहने दिया जाएगा जो निकाय के प्रयासों को बाधित कर रही है।

# निकाय चुनाव : 425 बूथ पर मतदान कराने रवाना हुई पोलिंग पार्टियां

### कल सुबह 8 बजे से मतदान

**कोरबा।** नगरीय निकाय चुनाव के लिए 11 फरवरी को कोरबा जिले के एक नगर निगम सहित 6 निकायों में मतदान होगा। इन सभी निकायों के लिए 425 बूथ बनाए गए हैं। स्थानीय निर्वाचन की व्यवस्था के अंतर्गत इन बूथों के लिए पोलिंग पार्टियों को आज रवाना कर दिया गया। तीन स्थान से पोलिंग पार्टियों को मतदान सामाग्री उपलब्ध कराई गई। इन्हें वापसी के दौरान ऐसे तीन केंद्रों में जमा कराने हेतु स्ट्रॉंग रूम बनाए गए हैं। सभी जगह शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को सुबह 8 बजे से मतदान की सुविधा प्राप्त होगी। इस हेतु केंद्रों में तैयारी की जा रही है।

नगर निगम कोरबा और यहां से विभाजित कर अलग बनाई गई नगर पालिका बांकीमोंगरा से संबंधित 344 पोलिंग बूथ की पोलिंग पार्टियों को आईटी कॉलेज परिसर झगरहा से मतदान सामाग्री और अन्य दस्तावेज उपलब्ध कराए गए। इससे पहले मतदान दलों को अंतिम प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई गई।

कटघोरा के पं. मुकुटधर पांडेय शासकीय कॉलेज परिसर से नगर पालिका कटघोरा, नगर पालिका दीपका और नगर पंचायत छुरीकला से संबंधित 61 पोलिंग पार्टियों को गोपनीय सामाग्री प्रदाय की गई। यहां के लिए अलग-अलग रिटर्निंग ऑफिसर बनाए गए थे जिन्होंने अपने सहयोगियों के साथ मौके पर उपस्थिति दर्ज कराई और संबंधित जिम्मेदारी निभाई। जबकि नगर पंचायत पाली के अंतर्गत आने वाले 15 पोलिंग बूथ के लिए पाली के ही शासकीय विद्यालय परिसर से पोलिंग पार्टियों को सामाग्री देने के साथ वाहनों से रवाना किया गया।



### आरओ के हस्ताक्षर नहीं, दो घंटे करना पड़ा इंतजार

खबरों के अनुसार कोरबा के आईटी कॉलेज से गोपनीय सामाग्री का वितरण करने के दौरान विभिन्न क्षेत्रों की पोलिंग पार्टियों को लगभग 2 घंटे तक इंतजार करना पड़ा। इसके चलते पोलिंग पार्टियों को काफी परेशान होना पड़ा। बताया गया कि रिटर्निंग ऑफिसर के हस्ताक्षर पेपर में नहीं होने के कारण उसकी उपलब्धता में समस्या आई और ऐसे में 8 बजे से मौके पर पहुंचे सरकारी कर्मी जमकर परेशान हुए। कई लोगों ने अपने परिचितों को फोन कर इस बारे में जानकारी दी। कहा जा रहा है कि निर्वाचन से संबंधित कामकाज को गंभीरता से किए जाने को लेकर निर्देशित किया गया था। ऐसे में हस्ताक्षर को लेकर समस्याओं की जद में आना दर्शाता है कि नियम पालन को लेकर अफसरों की ओर से उदासीनता बरती गई।

### निगम क्षेत्र में 277 उम्मीदवार मैदान में

नगर पालिका निगम कोरबा क्षेत्र में सर्वाधिक 277 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें महापौर भाजपा की संजू देवी राजपूत कांग्रेस की उषा तिवारी सहित 11 प्रत्याशियों की उपस्थिति बनी हुई है। जबकि 67 वार्ड से प्रमुख राजनीतिक दलों के अलावा निर्दलीय समेत 286 उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए हैं। पार्षद पद में सबसे अधिक उम्मीदवारों की संख्या बालको नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 41 कैलाश नगर में कायम है। बताया जा रहा है कि नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल यहां से भाजपा के प्रत्याशी हैं। उनके मुकाबले कांग्रेस ने कमजोर प्रत्याशी को उतारा है। राजनीतिक महत्वाकांक्षा और कई प्रकार के आकर्षण के चक्कर में इस वार्ड में इस बार सबसे अधिक प्रत्याशी हैं। पूरे निगम क्षेत्र में प्रत्याशियों की संख्या कहीं भी 5 से कम नहीं है। स्थानीय निर्वाचन के द्वारा निगम क्षेत्र में पार्षद का चुनाव लड़ने के लिए खर्च की सीमा 8 लाख तय की गई है।

### सुरक्षा बल कराया उपलब्ध

कोरबा जिले के अंतर्गत आने वाले नगरीय निकायों में कुल 425 मतदान केंद्रों को तीन श्रेणियों में बांटा गया है। उनमें सामान्य, संवेदनशील और अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र शामिल हैं। इनकी स्थिति के आधार पर मतदान केंद्रों के लिए सुरक्षा बल मुहैया कराया गया है जो पोलिंग पार्टी के साथ वहां के लिए रवाना हुए। बताया गया कि प्रावधान के अंतर्गत सभी निकायों के लिए रिजर्व पोलिंग पार्टी भी गठित की गई है ताकि आवश्यकता के आधार पर उनका उपयोग किया जा सके।

## केराझरिया मार्ग पर दो दोपहिया की टक्कर में एक युवक की मौत

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली में रविवार देर शाम 2 बाइक की आमने सामने जबरदस्त टक्कर हो गई, इसमे एक बाइक सवार की दर्दनाक मौत हो गई वहीं 3 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे भर्ती कराया गया है।

नगर पंचायत पाली से केराझरिया मार्ग पर हेमंत टेंट हाउस के सामने देर शाम दो मोटरसाइकिल सवार आमने-सामने टकरा गए जिसमें एक बाइक में सवार युवक जो की बाइक चला रहा था उसकी दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी शिनाख्त तेंदुभाठा निवासी जयकिशन पटेल पिता राधेश्याम पटेल उम्र 28 वर्ष के रूप में हुई। जबकि इसका साथी देव कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जाता है ये दोनों युवक किसी कार्य से रतनपुर गए थे वहां से सिल्ली पौड़ी सड़क मार्ग से वापस घर आ रहे थे। जिनकी पाली से केराझरिया जा रहे वहां के निवासी अजय अगरिया, प्रमोद दास की बाइक से आमने सामने टक्कर हो गई जिसमें ये दोनों भी गंभीर रूप से घायल गए जिन्हें पाली अस्पताल ले जाया गया इनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रिफर कर दिया गया।

## मानिकपुर प्रोजेक्ट में बेकाबू डंपर पलटा, चालक घायल

**कोरबा।** एसईसीएल की मानिकपुर कोल परियोजना में बीती रात हुए हादसे में एक डंपर चालक की जान बाल बाल बच गई है। परिवहन के दौरान डंपर अंनियंत्रित होकर डंपिंग में गिर गया। हादसा कैसे और किन परिस्थितियों में हुआ इस बात का पता नहीं चल सका है। जानकारी मिलते ही खदान के भीतर हड़कंप मच गया। राहगीरों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया। हादसे में उसे मामुली चोट लगी है,जिसे अस्पताल भिजवा दिया गया है। हादसे की सूचना प्रबंधन को दी गई,जिसके बाद अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरी घटनाक्रम की जानकारी ली।

## पंचायत क्षेत्रों में होगा भाजपा का सम्मेलन

**कोरबा।** जिन-जिन ग्रामीण क्षेत्रों में जिला पंचायत सदस्य के लिए भाजपा ने प्रत्याशी का समर्थन किया है वहां पर सम्मेलन की तैयारी शुरू हो गई है। 13 फरवरी को भिलाईबाजार क्षेत्र में भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन होगा। अन्य क्षेत्रों में भी तैयारियां शुरू कर दी गई है। भिलाईबाजार क्षेत्र में भाजपा किसान मोर्चा के चुलेश्वर राठौर को चुनाव प्रभारी बनाया है। सम्मेलन की तैयारी में नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर, राजू प्रजापति, सूर्यप्रकाश शर्मा, हरिश थरवानी, कृष्णा पटेल सक्रिय हैं। इसी तरह बरपाली क्षेत्र में रामनारायण सराफ को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। जबकि पताढ़ी में विनय पांडेय को जिम्मेदारी दी गई है। करतला में आकाश सक्सेना चुनाव अधिकारी हैं। इस क्षेत्र में भी सम्मेलन की तैयारी शुरू कर दी गई है। मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, रामकुमार गभेल, बृजलाल राठिया के अलावा धनंजय चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी कर रहे हैं।

## एसईकेएमसी में की गई नियुक्ति

**कोरबा।** एसईकेएमसी को मजबूत करने के लिए कामगारों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। कल गेवरा परियोजना में बैठक लेकर पेशवर दास, राजकुमार यादव, गुलशन कुमार को संगठन सचिव बनाया गया। इसके पहले पवन तिवारी को संगठन सचिव की जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में गोपाल यादव, एमपी सिंह, छंदराम राठौर, अनिल राठौर, राहुल मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ताओं नियुक्ति से पहले सभी नामों पर गहनता के साथ विचार विमर्श किया। आने वाले दिनों में और भी नियुक्ति की जाएगी। इस नियुक्ति का मुख्य उद्देश्य सदस्यता में बढ़ोत्तरी करना है। जितने लोगों को नियुक्त किया जाएगा उतने ही सदस्य संख्या में बढ़ोत्तरी होगी। केंद्रीय अध्यक्ष गोपाल नारायण सिंह के मार्गदर्शन में यह नियुक्ति की जा रही है।

## 23 से शुरू होगा पताढ़ीधाम में मेला

**कोरबा।** पताढ़ीधाम में 11 फरवरी से मेले का आयोजन किया जाना था लेकिन पंचायत चुनाव के कारण यह मेला 23 फरवरी से शुरू होगा। इस मेले की तैयारी को लेकर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई थी। जिसमें लखन लहरे, गैसराम मिरी, कमलेश अनंत सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि मेले में सौगवां क्षेत्र के लोग आते हैं अभी वे पंचायत चुनाव में व्यस्त हैं जिसका असर मेले पर पड़ सकता है। पंचायत चुनाव के समाप्ति के बाद ही इस मेले का आयोजन होगा। मेले की सफलता के लिए कोरबा सतनाम कल्याण समिति के यू.आर. महिलांगे, नारायण कुर्रे, सरजू अजय, डॉ. जय लहरे भी सहयोग करते हैं। क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं को सहयोग करने कहा गया है।

## वोटर्स को सेट करने की बारी, व्यवस्था पर पैनी नजर

**कोरबा।** निकाय चुनाव के लिए बुधवार को जिले में 6 स्थान पर मतदान होना है। कई इलाके ऐसे हैं, जहां चुनाव जीतने के लिए हर बार रूपयों के साथ जरूरत की चीजें बांटनी पड़ जाती है। इसके बिना वोट की अपेक्षा नहीं कर सकते। कुछ दिन से अलग-अलग हिस्से में यह काम शुरू हुआ है। मतदान के पूर्व दिवस वोटर्स को सेट करने अंतिम तैयारी में कई प्रत्याशियों के समर्थक जी जान से जुटे हैं। जबकि इस तरह की व्यवस्था पर दूसरे लोग पैनी नजर रखे हैं।

कोरबा जिले में निकायों के स्लम इलाकों में वोटर्स को अपने पक्ष में करने के लिए हर चुनाव में ऐसी तिकड़म की जाती है। जन प्रतिनिधियों को 5 साल का मौका मिलता है तो हम पीछे क्यों रहे, इस सोच के साथ वोट डालने वाला वर्ग कई अपेक्षा रखता है। निकाय चुनाव में भी इस प्रकार की अपेक्षा की जा रही है। प्रत्याशी भी इस बात को भली भांती समझ रहे हैं। भले ही चुनाव खर्च के लिए लिमिट तय कर दी है लेकिन हर बार यह क्रास कर जाती है। कहा जा रहा है कि चुनाव जीतने की मंशा से मैदान में उतरने वाला वर्ग इसी सिद्धांत पर काम करता है। निगम चुनाव में अनेक स्थानों पर प्रति वोट के पीछे 1500 से 2000 रूपए खर्च करने पड़ रहे हैं। कुछ इलाकों में महंगी कीमत वाली काजुकतली, इंडक्शन, इलेक्ट्रिक आयरन तो कही सामान्य ब्रांड वाली मिक्सी बाटी जा चुकी है। इसके अलावा हर दिन की पार्टी और रैलियों में औसत पारिश्रमिक अलग से दिया गया है।

# संवेदनशील मतदान केंद्रों में लगातार पेट्रोलिंग करेगी पुलिस

**कोरबा।** नगरी निकाय चुनाव को निष्पक्ष और निर्भीक में संपन्न करने के लिए प्रशासन के साथ पुलिस ने संकल्प लिया है। सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर्स के अलावा पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी इस चुनाव में लगाई गई है। सामान्य पोलिंग बूथ के मामले में किसी प्रकार की चिंता नहीं है लेकिन ज्यादा ध्यान ऐसे पोलिंग बूथ पर दिया जाना है जो संवेदनशील और अति संवेदनशील कैटेगरी में रखे गए हैं। यहां पर पुलिस के अधिकारी और जवान लगातार पेट्रोलिंग करेंगे और स्थिति की जानकारी ऊपर देंगे।

नगरी निकाय चुनाव को लेकर पहले ही कोरबा, सिविल लाइन, बालको नगर, दीपिका, कुष्मांडा, कटघोरा, बाकी मोगरा, पाली और छोरी कला क्षेत्र में पुलिस के द्वारा प्रशासन के साथ मिलकर फ्लैग मार्च किया



गया है।। इन सभी क्षेत्रों में एक ही चरण में नगरी निकाय चुनाव 11 फरवरी को संपन्न होना है। सैकड़ो की संख्या में संवेदनशील और अति संवेदनशील पोलिंग बूथ जिले के 6 नगरी निकाय में मौजूद हैं। पुलिस ने पिछले चुनाव और अन्य आधार पर प्राप्त जानकारी के हिसाब से ऐसे पोलिंग बूथ को सबसे ऊपर रखा है और यहां पर सुरक्षा को लेकर ध्यान दिया है। पुलिस की ओर से बताया गया कि पुलिस पार्टी ऐसे केदो में लगातार पेट्रोलिंग करेगी। इसके साथ आगे रिपोर्टिंग करेगी। पुलिस में लोगों से अपील की है कि वे मतदान केदो के परिसर में अनावश्यक भीड़ लगने और संदीप नजर आने वाले तत्वों के बारे में सूचना दें ताकि तत्काल कार्रवाई की जा। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नगरी निकाय चुनाव के मध्य नजर विभिन्न थाना क्षेत्र में अपराधिक तत्वों पर कार्रवाई करने के साथ उन्हें जेल भेजा गया है ताकि चुनाव प्रक्रिया पर किसी प्रकार का गलत प्रभाव ना पड़ सके। अवैध शराब की रोकथाम करने को लेकर भी जिले में व्यापक पैमाने पर पुलिस ने एक्शन लिया है।

## 144 वर्ष में महाकुंभ का संयोग, इसलिए 96 लोग नहीं डालेंगे वोट

**कोरबा।** धार्मिक आस्था अपनी जगह है और चुनाव अपनी जगह। ऐसे में व्यक्ति के लिए एक समय में प्राथमिकता कोई एक हो सकती है। 144 वर्ष में उपस्थित हुए प्रयागराज महाकुंभ के विशेष संयोग को विशेष रूप से हिंदू जनमानस छोड़ने की मानसिकता में नहीं है, चाहे दूसरे काम पीछे क्यों ना छोड़ जाए। इसीलिए नगर पालिका परिषद दीपिका के चुनाव में 96 लोग वोट नहीं डाल सकेंगे। हालांकि उन्होंने इस बारे में विकल्प की मांग प्रशासन से की लेकिन बात नहीं बनी।

नगर पालिका परिषद के प्रगति नगर और बगल के वार्ड से ऐसे 96 मतदाता जुड़े हुए हैं जो महाकुंभ की यात्रा पर चले गए। इसका नगरी निकाय चुनाव से लेना देना इसलिए नहीं बताया जा रहा है क्योंकि लोगों ने दो महीने पहले ही योजना बनाई थी और एक ट्रैवलिंग कंपनी को संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया था। इसके बाद निकाय चुनाव की तिथि निर्धारित हुई। जबकि लोगों की यात्रा की अवधि स्थानीय स्तर पर निर्वाचन तिथि के आसपास बनी हुई है। जब तक लोगों की वापसी होगी तो उनके बच्चों के परीक्षाएं शुरू हो जाएगी। इसलिए उनके पास महाकुंभ



यात्रा का विकल्प सबसे सर्वोपरि है, चुनाव नहीं।

बताया गया कि ऐसे लोगों ने मतदान के महत्व को समझने की कोशिश की और अपने लिए विकल्प देने के लिए निर्वाचन अधिकारी से संपर्क किया लेकिन उन्हें बताया गया कि इस प्रकार के प्रावधान आम लोगों के मामले में नहीं है। ऐसी स्थिति में लोगों को चुनाव और मताधिकार का प्रयोग करने का विचार हाशिये पर करने के लिए मजबूर होना पड़ा। महाकुंभ की यात्रा पर निकले लोगों ने कहा कि विशेष परिस्थितियों में लोगों के लिए विकल्प होने चाहिए। इस बारे में नगर पालिका दीपका के लिए नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर टी.आर.भारद्वाज से तथ्यात्मक जानकारी लेने संपर्क किया गया जो नाकाम रहा।

## कांटाघर के सामने पलटा राखड़ लोड ट्रेलर

**कोरबा।** कोरबा जिले के कोरबा-कटघोरा मार्ग पर ग्राम गोपालपुर के आगे सड़क किनारे कांटा घर के पास राखड़ लोड ट्रेलर पलट गया। इसमें वाहन चालक बाल-बाल बच गया। बताया जा रहा हैं की वाहन को पीछे करते समय ट्रेलर का पहिया गड्ढे में जाने से अनियंत्रित हो गया। वजन अधिक होने पर केबिन ऊपर टंग गया था। वाहन चालक केबिन में ही फंसा रहा। बाद में उसे नीचे उतरा गया।

मुख्य मार्ग के किनारे निजी कांटा घर है। बाँध से राखड़ लेकर आने वाले वाहन इसी स्थान पर तौल कराते हैं, लेकिन कांटा घर के आसपास की जमीन समतल नहीं है। यहां पर गड्ढे होने से आए दिन वाहन दुर्घटना का



शिकार होते हैं। कांटावर संचालक की लापरवाही से सड़क भी खराब हो रही है। इसे समतल नहीं किया जा रहा है। मुख्य मार्ग पर होने पर भी प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है।

## ओल्ड पेंशन की घोषणा का इंतजार

**कोरबा।** विद्युत मंडल में कर्मचारी ओल्ड पेंशन की घोषणा का इंतजार कर रहे हैं। इसके अलावा संविदा के आधार पर नौकरी कर रहे कर्मचारियों को नियमित होने का इंतजार है। चुनाव आचार संहिता लगने से पहले बिजली कर्मचारी संघ ने रायपुर जाकर विद्युत मंडल के अधिकारियों से मुलाकात की थी। उन्हें आश्वासन मिला था कि चुनाव अचार संहिता हटते ही उनकी मांगों को पूरा कर दिया जाएगा। इस संबंध में भामसं के जिलाध्यक्ष अजय मिश्रा ने बताया कि चुनाव आचार संहिता हटते ही एक बैठक बुलाई जाएगी। जिसमें राष्ट्रीय सचिव आर.एस. जायसवाल, नवरतन बरेठ, शब्बीर मेमन, संदीप राठौर, केदार राठौर, हेतराम खूंटे सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।








स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com